संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 139 रविवार 23 मार्च 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## महत्वपूर्ण खबर

### सोशल मीडिया में भ्रामक कंटेंट पर सेबी ने कसी नकेल




**70,000 पोस्ट हटाए गए**

**मुंबई,22 मार्च 2025(ए)।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने सोशल मीडिया पर मिसलीडिंग कंटेंट (भ्रामक सामग्री) के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है, सेबी ने बताया है कि अक्टूबर 2024 से 70,000 से अधिक पोस्ट और अकाउंट को हटाया जा चुका है। सेबी द्वारा यह कदम गलत सूचनाओं से निपटने और ऑनलाइन फाइनेंशियल इंफ्लूएंसर को रेगुलेट करने की कड़ी में उठाया गया है।

### ओबीसी आरक्षण मामले में सुप्रीम कोर्ट की हुई सुनवाई



**छतीसगढ़ के मामलों में जारी आदेश मध्य प्रदेश सरकार कर सकती है लागू**

**नई दिल्ली,22 मार्च 2025(ए)।** दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट ने आज बहुचर्चित ओबीसी आरक्षण मामले की सुनवाई की। सॉलिसिटर जनरल ने कोर्ट में कहा कि आगामी भर्तियां कानून के अनुरूप की जाएंगी। याचिकाकर्ताओं के वकीलों ने दलील दी कि मध्यप्रदेश में ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण पर कोई रोक नहीं है, क्योंकि इससे संबंधित कानून को कभी चुनौती नहीं दी गई थी, बल्कि भर्ती से जुड़े नोटिफिकेशन (विज्ञापन) को चुनौती दी गई थी।

### महायज्ञ में फायरिंग से खलबली, जमकर हंगामा,स्थिति तनावपूर्ण



**कुरुक्षेत्र,22 मार्च 2025(ए)।** कुरुक्षेत्र के केशव पार्क में चल रहे 1000 कुंडीय यज्ञ आयोजन में बवाल मच गया। यज्ञ कार्यक्रम के आयोजक स्वामी हरि ओम दास के निजी सुरक्षा कर्मियों पर तीन लोगों को गोली मारने का आरोप है। गोली लगने से घायल तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, इनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक महायज्ञ में शामिल होने आए कुछ युवकों ने बासी भोजन परोसे जाने को लेकर शिकायत की, जिसके बाद विवाद हुआ। कहासुनी के दौरान महायज्ञ के आयोजनकर्ता हरि ओम दास के सुरक्षाकर्मी ने गोली चला दी, जिसमें तीन युवक घायल हो गए।

### नेता की गोली मारकर हत्या



**पड़ोस में रहने वाले रिश्तेदार पर आरोप**

**पानीपत,22 मार्च 2025(ए)।** जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के नेता रविंद्र मीणा की देर रात उनके रिश्तेदारों ने गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना पारिवारिक विवाद के चलते हुई। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया और उनकी तलाश शुरू कर दी है। घटना में दो अन्य लोग भी घायल हुए हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

# जेल अधिकारी रिटायर वाले दिन ही हुआ सस्पेंड

- » महाठग सुकेश चंद्रशेखर को घड़ी देना पड़ा भारी
- » मंडोली जेल के आरएमओ को रिटायरमेंट के दिन सस्पेंड किया गया...
- » सुकेश चंद्रशेखर को घड़ी पहनने की अनुमति मिली,विवाद बढ़ा...
- » जेल प्रशासन पर मिलीभगत के आरोप, जांच जारी...




**नई दिल्ली,22 मार्च 2025(ए)।** दिल्ली के तिहाड़ जेल की शाखा मंडोली जेल के अधिकारी के खिलाफ रिटायरमेंट के दिन ही कार्रवाई हुई है। मंडोली स्थित सेंट्रल जेल अस्पताल के आरएमओ डॉ. आर. राठी को सस्पेंड कर दिया गया है। ये ऐक्शन उनकी सर्विस के आखिरी दिन हुआ। राठी पर आरोप है कि उन्होंने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर को सीनियर अधिकारियों से बिना पूछे एक घड़ी पहनने की अनुमति दे दी। ये मामला इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट में सामने आया। इसके बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया और अधिकारियों ने जांच के आदेश दे दिए।

एक सीनियर जेल अधिकारी ने बताया कि डॉ. राठी 28 फरवरी को रिटायर होने वाले थे। उसी दिन उन्हें सस्पेंड कर दिया गया। अधिकारी ने कहा, उनके सस्पेंशन के बाद, यह पता लगाने के लिए जांच शुरू की गई है कि उन्होंने ऐसी पर्ची क्यों लिखी। वे पिछले ढाई साल से जेल में आरएमओ के तौर पर काम कर रहे थे।

### कोर्ट ने जेल अधिकारियों से मांगा जवाब

अदालत ने कैदी के घड़ी के अनुरोध पर जेल अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा था कि क्या जेल अधीक्षक ने घड़ी पहनने की अनुमति दी थी। कोर्ट ने कहा, जेल अधिकारियों से जो जवाब मिला है, उसमें इस सवाल का जवाब नहीं दिया गया है। यह भी चिंता की बात है कि आवेदक/आरोपी ने आरएमओ का लिखित आदेश पेश किया है, जिसमें उन्होंने उसे एक साधारण कलाई घड़ी पहनने की अनुमति देने की सिफारिश की है। आवेदक ने अन्य कैदियों के नाम भी बताए हैं, जिनके नाम अभी आदेश में दर्ज करने की जरूरत नहीं है, जिन्हें घड़ी पहनने की अनुमति दी गई है और वे वास्तव में अपनी जेल में कलाई घड़ी पहन रहे हैं। स्पेशल जज गोगने ने आगे आदेश दिया कि आरएमओ की पर्ची की एक स्कैन कॉपी डिप्टी सुपरिटेंडेंट को दी जाए, जो इसकी जांच करेंगे। आदेश में कहा गया, तब तक, आवेदक को जरूरी सुरक्षा जांच के बाद एक साधारण कलाई घड़ी पहनने की अनुमति है। इस स्तर पर आवेदक का कहना है कि उसकी पहले इस्तेमाल की गई घड़ी पहले से ही जेल अधीक्षक के कार्यालय में जमा है और उसे उसे वापस कर दी जाएगी।÷ इसका मतलब है कि जब तक डिप्टी सुपरिटेंडेंट पर्ची की जांच नहीं कर लेते, तब तक चंद्रशेखर घड़ी पहन सकता है।

**2017 से जेल में बंद है सुकेश चंद्रशेखर**

सुकेश चंद्रशेखर 2017 से कई आपराधिक मामलों में जेल में बंद है। फिलहाल वह पूर्व रैनबैक्सी मालिक शिविंदर सिंह की पत्नी अदिति से 200 करोड़ रुपये की उगाही के आरोप में जेल में है। अधिकारी ने बताया कि चंद्रशेखर को 4 नवंबर 2023 को मंडोली जेल में ट्रांसफर किया गया था। आरोप है कि उसने प्रधानमंत्री कार्यालय का प्रतिनिधि बनकर अदिति को फोन किया और कहा कि वह उसके पति को जेल से बाहर निकालने में मदद कर रहा है।

**चंद्रशेखर को 11 बार मिल चुकी है सजा**

### सरकार ने हाई कोर्ट में दी चुनौती


इस आदेश को राज्य सरकार ने दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है। जेल के सुपरिटेंडेंट के माध्यम से एक याचिका दायर की गई है। सरकार का कहना है कि चंद्रशेखर को घड़ी पहनने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

इस पूरे मामले में कई सवाल उठ रहे हैं। क्या आरएमओ को बिना वरिष्ठ अधिकारियों से पूछे इस तरह की पर्ची जारी करने का अधिकार था? क्या चंद्रशेखर को जेल में विशेष सुविधाएं दी जा रही हैं? क्या जेल प्रशासन में कोई मिलीभगत है? इन सवालों के जवाब जांच के बाद ही मिल पाएंगे। लेकिन इस घटना ने जेल प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल जरूर खड़े कर दिए हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि जांच में क्या निकलता है और इस मामले में आगे क्या कार्रवाई होती है। फिलहाल, डॉ. राठी सस्पेंड हैं और चंद्रशेखर जेल में बंद हैं।

जेल अधिकारी ने यह भी कहा कि जेल में चंद्रशेखर का व्यवहार ठीक नहीं है। उसे 11 बार सजा भी मिल चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली की एक अदालत ने जरूरी सुरक्षा जांच के बाद चंद्रशेखर को कलाई घड़ी देने की अनुमति दी थी। राउज एवेन्यू कोर्ट के 10 जनवरी के आदेश में कहा गया था कि नियमों के अनुसार, धातु, सिक्के, गहने, आभूषण, चश्मे, करेंसी नोट आदि जैसी चीजों की अनुमति नहीं है। इसलिए, जेल के कैदियों को कलाई घड़ी पहनने की अनुमति नहीं है।

# कॉलेजियम प्रणाली ही है दोषपूर्ण

- » अब सीनियर एडवोकेट हरीश साल्वे ने क्यों उठाए सवाल
- » सॉलिसिटर जनरल हरीश साल्वे ने न्यायिक नियुक्तियों पर टिप्पणी की...
- » हरीश साल्वे ने न्यायपालिका की पारदर्शिता बढ़ाने पर जोर दिया है...
- » साल्वे ने न्यायिक नियुक्तियों की प्रणाली को सुधारने की जरूरत बताई...



**नई दिल्ली,22 मार्च 2025(ए)।** दिल्ली हाई कोर्ट के एक जज से जुड़े कथित घर पर नकदी मामले में भारत के पूर्व सॉलिसिटर जनरल और वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अधिक पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए न्यायिक नियुक्ति की प्रणाली में व्यापक बदलाव का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि न्यायपालिका के खिलाफ लगाए गए लांछन और अपुष्ट आरोप जनता की आस्था को हिला देते हैं और अंततः लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाते हैं।

दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा से जुड़े प्रकरण को चेतावनी बताते हुए उन्होंने कहा कि आज हमारे पास न्यायिक नियुक्ति की जो प्रणाली है, वह निष्क्रिय है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पिछले सप्ताह जब अग्निशमन विभाग की एक गाड़ी जस्टिस वर्मा के आवास पर आग बुझाने गई थी, तो वहां भारी मात्रा में नकदी बरामद हुई थी। उन्होंने ताजा विवाद को बदलाव की याद दिलाते हुए कहा, हमें चर्चा फिर से शुरू करने की जरूरत है... यह अस्तित्व का संकट है। आपको इस संस्था को बचाना होगा। साल्वे ने विधानमंडल, विशेषकर संसद सदस्यों से, न्यायिक नियुक्तियों के लिए एक सटीक और अधिक पारदर्शी प्रणाली के लिए सामूहिक रूप से सुझाव देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, मैं देखता हूं कि जिन 500 लोगों को हमने वोट देकर सत्ता में भेजा है, उन्हें अपने राजनीतिक मतभेदों को एक तरफ रखना होगा। यह एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें उन्हें एक साथ बैठकर विचार-विमर्श करना होगा, संसद में भेजे गए 500 लोगों के सामूहिक विवेक से एक ढांचा तैयार करना होगा। उन्होंने न्यायपालिका के खिलाफ लगाए गए आरोपों की भी आलोचना की और कहा कि इससे लोगों की प्रतिष्ठा को अपूरणीय क्षति पहुंच रही है।




# ये ट्रेंड बना लिया है...

- » लेट हुई एयर इंडिया की फ्लाइट तो भड़कीं सांसद सुप्रिया सुले,केंद्रीय मंत्री से की बड़ी मांग...
- » एयर इंडिया की फ्लाइट हुई लेट तो भड़कीं सुले
- » सुले ने एक्स पर पोस्ट कर गुस्सा किया जाहिर
- » शिवराज सिंह चौहान ने भी साझा किया था अनुभव

**मुंबई,22 मार्च 2025(ए)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) की सांसद सुप्रिया सुले ने अपनी उड़ान में एक घंटे से अधिक की देरी के लिए एयर इंडिया की आलोचना की और केंद्रीय विमानन मंत्री राम मोहन नायडू से एयरलाइनों को जवाबदेह ठहराने के लिए सख्त नियम लागू करने का आग्रह किया। सुप्रिया सुले ने कहा कि उनकी उड़ान एआई 0508 में 1 घंटे और 19 मिनट की देरी हुई।

# स्थानीय कानूनों का पालन करें

**नई दिल्ली,22 मार्च 2025(ए)।** भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका में पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्रों को स्थानीय कानूनों का पालन करना चाहिए। हाल ही में हमास के समर्थन के आरोप में अमेरिका के जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में पढ़ रहे एक भारतीय छात्र बदर खान सूरी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, कोलंबिया विश्वविद्यालय में पढ़ रही भारतीय छात्रा रंजनी श्रीनिवासन के वीजा रद कर दिया गया।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि दोनों भारतीयों ने सहायता के लिए अमेरिका स्थित भारतीय दूतावास से संपर्क नहीं किया। अमेरिकी होमलैंड सुरक्षा विभाग ने वॉशिंगटन डीसी स्थित जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय के पोस्टडॉक्टरल फेलो बदर खान सूरी को सोमवार रात हिरासत में लिया। उन पर ÷हमास के दुष्प्रचार को बढ़ावा देने के आरोप लगे हैं। अमेरिकी संघीय न्यायाधीश ने सूरी के निर्वासन पर फिलहाल रोक लगा दी है।



# जस्टिस वर्मा के घर किस हालात में मिले कितने पैसे



**नई दिल्ली,22 मार्च 2025(ए)।** जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर कथित खजाना मिलने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। पूरे देश में नेताओं से लेकर बेहद सीनियर वकील तक इस मामले पर बयान दे रहे हैं। हाल ही में सीनियर वकील कपिल सिब्बल ने इस मामले की सख्त जांच करने की बात कही थी और अब पूर्व अटॉर्नी जनरल के साथ-साथ वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने भी इस मामले को लेकर सवाल खड़े किए हैं। मुकुल रोहतगी ने जस्टिस यशवंत वर्मा के विवाद पर पारदर्शिता की मांग की। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से मामले पर स्पष्ट जानकारी के लिए बुलिटिन जारी करने को कहा। उन्होंने घटना की जानकारी में देरी और ब्योरे की कमी को लेकर चिंता जाहिर की।रोहतगी ने कहा,पारदर्शिता की कमी के कारण कई सवाल अनसुलझे हैं। इससे लोगों के मन में संदेह पैदा हो रहा है।

**टेंपो चालक ने दिखाई ईमानदारी**

# कारोबारी के 82 लाख रुपए लौटाए

**मिला 21 हजार का इनाम**

**गाजियाबाद,22 मार्च 2025(ए)।** गाजियाबाद में टेंपो चालक ने ईमानदारी की मिसाल कायम की है। दरअसल टेंपो चालक के टेंपो में कारोबारी का नोटों से भरा बैग छूट गया था। टेंपो चालक ने ईमानदारी से ले जाकर यह बैग थाने में पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने कारोबारी को बुलाकर उनका बैग वापस किया. कारोबारी ने खुश होकर टेंपो चालक को 21000 का इनाम दिया। टेंपो चालक चाहता तो वह नोटों से भरा बैग अपने पास रख सकता था। टेंपो चालक की ईमानदारी की हर तरफ तारीफ हो रही है।



गाजियाबाद के थाना सिहानी गेट क्षेत्र में एक टेंपो चालक ने ईमानदारी की मिसाल कायम की है। गाजियाबाद के इंद्रगढ़ी के रहने वाले रवि कुमार टेंपो चलाता है। रवि के टेंपो में यूपी के ललितपुर के रहने वाले कारोबारी बैठे थे. वह पुराने बस अड्डे उतरे लेकिन अपना बैग वह टेंपो में ही छोड़ गए। टेंपो चालक ने ईमानीदारी दिखाते हुए नोटों से भरा बैग पुलिस को वापस दे दिया।

**टेंपो में कारोबारी ने छोड़े थे 82 लाख रुपये**

ललितपुर के रहने वाले दिवाकर, राजू और सौरव गाजियाबाद आए थे। यह सभी पुरानी गाड़ियों के सेल परचेस का काम करते हैं। उनके बैग में 82 लाख रुपये थे, जो यह टेंपो में गलती से छोड़कर चले गए। जब इन कारोबारी को एहसास हुआ तो इन्होंने थाना सिहानी गेट में इसकी सूचना दी। पुलिस ने सीसीटीवी खंगाले लेकिन किसी भी टेंपो का उनको पता नहीं चला।

पुलिस और कारोबारी को हैरानी जब हुई जब टेंपो चालक रवि पैसों से भरा बैग लेकर थाने पहुंच गया। रवि जब थाने पहुंचा तो पुलिसकर्मी हैरान रह गए। पुलिस ने तुरंत कारोबारी को इसकी सूचना दी।. सभी लोग थाने आए वहां पुलिस ने नोटों से भरा बैग उनको सौंप दिया।. रवि की ईमानदारी से खुश होकर कारोबारी ने उसे 21000 रुपए का इनाम दिया।

# एक ही बाइक पर फर्राटा भर रहे 6 लोग

**न कानून का खौफ न दुर्घटना का भय यातायात पुलिस बेखबर**

**मिर्जापुर,22 मार्च 2025(ए)।** उत्तर प्रदेश में यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।वीडियो मिर्जापुर जिले का है. जहां कटरा कोतवाली क्षेत्र में एक बाइक पर एक दो तीन नहीं बल्कि 6 युवक सवार होकर स्टंट बाजी करते हुए फर्राटा भर रहे हैं। जिन्हें न तो कानून का खौफ है ना ही किसी दुर्घटना का भय है।



मिर्जापुर जनपद में यातायात व्यवस्था ध्वस्त हो चली है. सेमफोर्ड स्कूल के सामने से शनिवार सुबह 10:45 बजे एक बाइक पर आधा दर्जन युवक सवार होकर निकले. पुलिस और यातायात पुलिस मूक दर्शक बनी हुई है। अब देखना यह है कि इन पर क्या कार्रवाई तय होती है।हालांकि इलाकाई पुलिस का कहना है कि संबंधित कि पहचान कराकर कार्रवाई की जाएगी। मिर्जापुर-प्रयागराज मार्ग पर एक बाइक पर 6 युवक सफर करते नजर आए, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सभी युवक बिना हेलमेट के थे, जिससे सड़क सुरक्षा नियमों की धज्जियां उड़ती दिखीं। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# संपादकीय

## नई चोट,नए जख्म

इक्विटी बाजार में गिरावट से घरेलू आय और उपभोग में भी गिरावट आ सकती है, जिसका असर आर्थिक विकास पर पड़ेगा। स्पष्टतः यह निवेशक आधार के अधिक व्यापक होने की कीमत है। इससे भारत का आर्थिक दुश्चक्र और संगीन हो रहा है। अमेरिका के टैरिफ वॉर से पहले से ही कमजोर भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था पर नए जख्म लग रहे हैं। इसकी एक मिसाल औषधि उद्योग है, जहां अनेक दवा कारखानों के बंद होने का अंदेशा गहरा गया है।रुबिक्स डेटा एजेंसी के आकलन के मुताबिक अमेरिका में ऊंची शुल्क दर से यहां उत्पादन लागत बढ़ जाएगी, जिससे अमेरिकी बाजार में भारतीय दवाइयां मुकाबले में पिछड़ने लगेंगी।इसकी सबसे तीखी मार जेनेरिक फॉर्मूलेशन, एक्टिव फॉर्मास्यूटिकल इंग्रेडिएंटेस, और कॉन्ट्रैक्ट रिसर्च, डेवपमेंट एंड मैनुफैक्चरिंग संगठन पर पड़ने की आशंका है। इस बीच टैरिफ वॉर से शेयर बाजार में उथल-पुथल बढ़ी है।वैसे ही विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) भारतीय बाजारों से पैसा निकाल रहे थे, लेकिन ट्रंप काल में ये रफ्तार और तेज हो गई है।कोरोना के बाद शेयर बाजारों में उछालसितंबर के बाद से ये निवेशक 27 बिलियन डॉलर से अधिक रकम निकाल चुके हैं। ब्लूमबर्ग इंटेलिजेंस के आंकड़ों के मुताबिक 2008 की वैश्विक मंदी के बाद से भारतीय बाजार में यह एफआईआई की सबसे बड़ी बिकवाली है। इसका सीधा असर मध्य वर्गीय परिवारों में महसूस किया जा रहा है। कोरोना काल के बाद शेयर बाजारों में आई उछाल ने करोड़ों लोगों को वित्तीय संपत्तियों में निवेश के लिए प्रेरित किया।दस करोड़ से अधिक नए निवेशकों ने शेयर बाजार में प्रवेश किया। अपनी बचत- और कुछ लोगों ने तो कर्ज तक लेकर इस कारोबार में पैसा लगाया। शेयरों की बढ़ती कीमत ने उनमें समृद्धि की नई आस जगाई थी। लेकिन अब अचानक इस पर तुषारापात हुआ है। लोगों की बनी रकम हवा में गायब हो रही है। अब तक बाजार से लगभग एक लाख करोड़ रुपये हवा हो गए हैं।आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के एक विशेषज्ञ ने आगाह किया है कि इक्विटी बाजार में गिरावट से घरेलू आय और उपभोग में भी गिरावट आ सकती है, जिसका असर आर्थिक विकास पर पड़ेगा। स्पष्टतः यह निवेशक आधार के अधिक व्यापक होने की कीमत है। तो कुल मिला कर भारत का आर्थिक दुश्चक्र संगीन हो रहा है। वित्तीय संपत्तियों में उछाल जमीनी अर्थव्यवस्था का प्रतिबिंब तो नहीं थी, मगर उसमें गिरावट से वास्तिवक अर्थव्यवस्था पर भी ग्रहण अधिक अंधकारमय होता दिख रहा है।

# लुप्त होती हरियाणा की अनमोल विरासत रागनी कला



डॉ सत्यवान सौरभ
बड़वा (सिवानी)
भिवानी,हरियाणा

**हरियाणवी लोकसंस्कृति का एक महत्त्वपूर्ण अंग रागनी आज विलुप्ति के कगार पर है। मनोरंजन के आधुनिक साधनों के आगमन और बदलते सामाजिक परिवेश के कारण यह कला पिछड़ती जा रही है। यदि समय रहते इसके संरक्षण के प्रयास नहीं किए गए, तो आने वाली पीढ़ियों को यह विरासत केवल किताबों में ही देखने को मिलेगी। रागनी के लुप्त होने का मुख्य कारण आधुनिक जीवनशैली, व्यवसायिक कमी और नई पीढ़ी की बदलती रुचि है। इसे बचाने के लिए डिजिटल प्लेटफार्मों पर प्रचार, शिक्षा में लोककला को शामिल करना और लोक कलाकारों को आर्थिक सहयोग देना ज़रूरी है। यदि सही क़दम नहीं उठाए गए, तो यह अनमोल धरोहर धीरे-धीरे गुम हो जाएगी...**

हरियाणा की लोकसंस्कृति में रागनी एक महत्त्वपूर्ण कला है,जो समय के साथ धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है। यह न केवल मनोरंजन का माध्यम रही है, बल्कि सामाजिक संदेश देने, वीर रस जगाने और लोक इतिहास को संजोने का एक प्रभावशाली ज़रिया भी रही है। हरियाणा की रागनी न केवल मनोरंजन का एक सशक्त माध्यम रही है, बल्कि समाज सुधार की दिशा में भी इसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। यह लोककला सिर्फ़ संगीत नहीं, बल्कि एक आंदोलन रही है, जिसने लोगों को जागरूक किया, बुराइयों के खिलाफ खड़ा किया और समाज को एक नई दिशा देने का प्रयास किया। हरियाणवी रागनी लोकसंस्कृति का अभिन्न अंग रही है और इसके प्रचार-प्रसार में जाहरवीर कल्लू खां, अजीत सिंह गोरखपुरिया, दयाचंद लांबा, राजेंद्र खड़खड़ी, जसमेर खरकिया, सुरेंद्र भादू, सूरजभान बलाली, मामन खान, सतीश ठेठ, कविता कसाना के साथ-साथ और भी कई महान कलाकारों का योगदान रहा है। आज भी कई युवा कलाकार रागनी को आगे बढ़ा रहे हैं और इसे डिजिटल मंचों के माध्यम से नई ऊँचाइयों तक ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। हरियाणवी रागनी को जीवित रखने में संदीप सरगथलिया, वीर सिंह फौजी, धर्मवीर नागर, राजबाला, मास्टर छोटूराम बड़वा जैसे कई कलाकारों की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। इनकी मेहनत और समर्पण से यह लोककला आज भी जीवित है, हालाँकि इसे और संरक्षण और प्रोत्साहन की ज़रूरत है।



रागनी हरियाणवी लोकगीतों और कविताओं का एक विशिष्ट रूप है, जिसे मुख्य रूप से हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्सों में गाया जाता है। इसमें वीरता, प्रेम,भक्ति,सामाजिक मुद्दों और ऐतिहासिक घटनाओं का चित्रण किया जाता है। पहले यह कला अखाड़ों और मेलों में बहुत लोकप्रिय थी, जहाँ गायक अपनी आवाज़ और जोश के साथ लोगों को मंत्रमुग्ध कर देते थे। रागनी के माध्यम से महिलाओं के अधिकारों, शिक्षा और समानता पर ज़ोर दिया गया। कई लोकप्रिय रागनियों में बाल विवाह, दहेज प्रथा और महिलाओं पर अत्याचारों का विरोध किया गया है। ÷बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ÷ जैसे संदेशों को रागनी ने जन-जन तक पहुँचाया। हरियाणवी समाज में जातिगत भेदभाव को ख़त्म करने और समानता का संदेश देने में रागनी की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। कई प्रसिद्ध रागनियों ने बताया कि सभी मनुष्य समान हैं और कर्म को जाति से ऊपर रखना चाहिए। रागनी के माध्यम से शराब, जुए और अन्य नशों की लत से बचने के संदेश दिए गए। कलाकारों ने इन बुराइयों को जड़ से उखाड़ने के लिए प्रेरक गीत गाए।

**उदाहरणः** सुणले रे छोरे, बीड़ी-सिगरेट मत पीजा, तन्ने मां-बाप सूँ किट्टे तै प्यारा (एक रागनी जिसमें धूम्रपान के नुक़सान बताए गए हैं)।

हरियाणा की ग्रामीण जनता के लिए रागनी एक ताकत बनी। इसमें किसानों की समस्याओं,मजदूरों के अधिकारों और सरकार से उनकी माँगों को जोरदार तरीके से उठाया गया।

**उदाहरणः** कई रागनियों में किसान आंदोलनों, फ़सल के सही दाम और सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए गए हैं।

ब्रिटिश राज के दौरान रागनी स्वतंत्रता सेनानियों के लिए एक प्रभावशाली हथियार बनी। लोकगायक अपनी रचनाओं के माध्यम से जनता में देशभक्ति की भावना भरते थे और अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का आह्वान करते थे। आज के दौर में भी रागनी समाज सुधार का माध्यम बनी हुई है। डिजिटल मीडिया और मंचों पर युवा कलाकार सामाजिक मुद्दों पर रागनी प्रस्तुत कर रहे हैं। हरियाणवी लोकसंस्कृति की पहचान रागनी समय के साथ लुप्त होती जा रही है। कभी गाँवों के चौपालों, मेलों और अखाड़ों में गूँजने वाली यह कला अब केवल कुछ पुराने कलाकारों और रसिकों तक सीमित रह गई है। इसके लुप्त होने के पीछे कई सामाजिक, सांस्कृतिक और तकनीकी कारण ज़िम्मेदार हैं। पहले के समय में गाँवों में बैठकर बुज़ुर्ग अपनी अगली पीढ़ी को लोकगीत और रागनी सिखाते थे, लेकिन अब यह परंपरा समाप्त हो रही है। लोकगीतों और रागनी को नयी शैली में ढालने का प्रयास कम हुआ है, जिससे यह लोगों के लिए कम प्रासंगिक हो गई है। नवीन मनोरंजन साधनों टीवी, इंटरनेट और पॉप संस्कृति के बढ़ते प्रभाव के कारण युवा पीढ़ी लोककला से दूर होती जा रही है। आधुनिक संगीत उद्योग में रागनी को वह स्थान नहीं मिला जो अन्य संगीत शैलियों को मिला है। युवा पीढ़ी इसे करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित नहीं हो रही है। इस कला को संरक्षित करने के लिए कोई औपचारिक संस्थान या पाठ्यक्रम उपलब्ध नहीं हैं। रागनी को नए संगीत वाद्ययंत्रों और आधुनिक ध्वनि तकनीक के साथ प्रस्तुत किया जाए, ताकि यह युवाओं को भी आकर्षित कर सके। हरियाणवी फ़िल्म और म्यूजिक इंडस्ट्री में रागनी को स्थान दिया जाए। रागनी को रैप और हिप-हॉप जैसी आधुनिक शैलियों के साथ मिलाकर फ्यूज़न रागनी तैयार की जाए, जिससे यह युवाओं तक प्रभावी रूप से पहुँचे। हरियाणवी लोकसंस्कृति का एक महत्त्वपूर्ण अंग रागनी आज विलुप्ति के कगार पर है। मनोरंजन के आधुनिक साधनों के आगमन और बदलते सामाजिक परिवेश के कारण यह कला पिछड़ती जा रही है। यदि समय रहते इसके संरक्षण के प्रयास नहीं किए गए, तो आने वाली पीढ़ियों को यह विरासत केवल किताबों में ही देखने को मिलेगी। स्कूलों और कॉलेजों में रागनी को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाए, ताकि युवा पीढ़ी इसकी जड़ों से जुड़ सके। विश्वविद्यालयों में लोककला और संगीत की पढ़ाई के अंतर्गत रागनी पर शोध को बढ़ावा दिया जाए। बच्चों को पारंपरिक संगीत में रुचि दिलाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ। सरकार और सांस्कृतिक संस्थानों को लोक महोत्सवों में रागनी को विशेष स्थान देना चाहिए। यूट्यूब, पॉडकास्ट और सोशल मीडिया के माध्यम से इसे युवाओं तक पहुँचाया जा सकता है। स्कूलों और कॉलेजों में रागनी की शिक्षा दी जानी चाहिए। लोक कलाकारों को आर्थिक और सामाजिक समर्थन दिया जाना चाहिए। रागनी केवल एक गीत शैली नहीं, बल्कि हरियाणा की संस्कृति की पहचान है। यदि इसे संरक्षित करने के लिए उचित क़दम नहीं उठाए गए, तो यह अमूल्य धरोहर धीरे-धीरे विलुप्त हो जाएगी। अब समय आ गया है कि हम इसे फिर से लोकप्रिय बनाएँ और इसकी समृद्ध परंपरा को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाएँ। रागनी केवल लोकगायन नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने का सशक्त माध्यम है। यह सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज़ उठाने, सुधार की ओर प्रेरित करने और बदलाव लाने की ताकत रखती है। अगर इसे सही दिशा में प्रोत्साहित किया जाए, तो यह समाज सुधार की एक मज़बूत नींव बन सकती है। ÷रागनी सिर्फ़ गीत नहीं, ये समाज की आवाज़ है!, ÷लोककला हमारी पहचान है, इसे बचाना हमारी शान है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# पलास के फुल भी बहुत ही सुंदर और आकर्षक होते हैं



डॉ. मुश्ताक अहमद शाह
हरदा मध्य प्रदेश



पलास एक सुंदर और आकर्षक पेड़ है,जो अपने खूबसूरत फूलों और पत्तियों के लिए जाना जाता है। पलास के फुल भी बहुत ही सुंदर और आकर्षक होते हैं। ये फूल गहरे लाल या गुलाबी रंग के होते हैं और इनमें पांच पंखुड़ियाँ होती हैं। पलास के फूलों की खुशबू बहुत ही मोहक होती है और ये फूल पेड़ पर मार्च से मई तक खिलते हैं।

पलास के पत्ते बड़े और चौड़े होते हैं, जो हरे रंग के होते हैं। ये पत्ते पेड़ की शाखाओं पर लगे होते हैं और इनमें एक विशेष प्रकार की सुगंध होती है। पलास का तना मजबूत और सीधा होता है, जो 10 से 15 मीटर तक ऊंचा हो सकता है। तने का रंग भूरा या काला होता है और इसमें कई शाखाएँ निकलती हैं। पलास के फल छोटे और गोल होते हैं, जो जून से अगस्त तक पकते हैं। फल का रंग हरा या पीला होता है और इसमें कई बीज होते हैं। पलास का महत्व न केवल इसकी सुंदरता के लिए है, बल्कि इसके औषधीय गुणों के लिए भी है। पलास के फूलों और पत्तियों का उपयोग कई बीमारियों के इलाज में किया जाता है। पलास एक पवित्र और सुंदर पेड़ है, जो भारतीय संस्कृति में बहुत महत्व रखता है।

पलास का पेड़ हिंदू धर्म में बहुत पवित्र माना जाता है। यह पेड़ भगवान विष्णु और भगवान कृष्ण के साथ जुड़ा हुआ है। पलास के पेड़ की पूजा करने से व्यक्ति को आध्यात्मिक शक्ति और शांति मिलती है। पलास के पेड़ के विभिन्न भागों में औषधीय गुण होते हैं। इसके फूलों का उपयोग कई बीमारियों के इलाज में किया जाता है, जैसे कि सर्दी, खांसी और बुखार। इसके अलावा, पलास के पत्तियों का उपयोग त्वचा की समस्याओं के इलाज में किया जाता है। पलास का पेड़ पर्यावरण के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह पेड़ वायु प्रदूषण को कम करने में मदद करता है और जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में भी मदद करता है। इसके अलावा, पलास के पेड़ की जड़ें मिट्टी को स्थिर करने में मदद करती हैं और भूमि क्षरण को रोकने में भी मदद करती हैं। पलास का पेड़ भारतीय संस्कृति में बहुत महत्वपूर्ण है। यह पेड़ कई त्योहारों और समारोहों में उपयोग किया जाता है, जैसे कि होली और दिवाली। इसके अलावा, पलास के पेड़ की पूजा करने से व्यक्ति को आध्यात्मिक शक्ति और शांति मिलती है।

# इलाहाबाद नाबालिंग कोर्ट केस,प्राइवेट पार्ट्स को छूना बलात्कार नहीं,एक विवादित अमाननीय फैसला



केशी गुप्ता
द्वारका,दिल्ली

भारत एक ऐसा देश है जिसकी संस्कृति में देवी पूजन का बड़ा महत्व है। बेटियों ,बहुओं को घर की लक्ष्मी मन जाता है। परंतु विडंबना यह है के उसी धरती पर संस्कृति के विरोध जा कर आज भी नारी ,स्त्री जाति को अपने हक़ की लड़ाई न सिर्फ घर से बाहर बल्कि घर में भी लड़ने पड़ती है। आए दिन आने वाले विवादित न्यायपालिक द्वारा दिए गए फैसले ना सिर्फ संकीर्ण सोच को दर्शाते हैं बल्कि दोहरी मानसिकता का भी उजागर करते हैं। एक और सरकार द्वारा नारी सशक्तिकरण को ले कर आए दिन अभियान चलाए जाते है। बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ जैसे नारे दिए जाते हैं। कई तरह के कानूनों प्रस्तावित किए जाते हैं। बड़ा सवाल यह है कि ऐसे में यदि निर्धारित न्यायाधीश ही विवादित फ़ैसला जारी करता है तो यह समाज की क्या दिशा निर्धारित करता है। न्यायाधीश का पद बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। कोर्ट द्वारा पारित एक फ़ैसला इतिहास रच देता है। तथाकथित तथ्यों पर आधारित हाल ही में इलाहाबाद नाबालिंग बच्ची के साथ रेप की कोशिश को ले कर माननीय हाई कोर्ट द्वारा पारित फैसले के मुताबिक किसी बच्ची की छाती को स्पर्श करना या पजामे का नाडा खुलना कोई अपराध नहीं है। क्योंकि बलात्कार नहीं हुआ इसलिए अपराध साबित नहीं होता। इस बिनाह पर अपराधियों को बरी कर दिया गया। तथ्यों के अनुसार बच्ची को दो लोगों द्वारा खींचा गया और बलात्कार की कोशिश की गई मगर किसी राहगीर की वजह से वह मासूम बच गई ।सवाल यह उठता है कि क्या इस तरह के फैसले न्यायसंगत है ? किस मानसिकता के लोग न्यायप्रणाली का हिस्सा है ? ऐसे न्यायिक फैसलों पर सरकार द्वारा क्या कदम उठाया जाता है ? क्या बलात्कार की कोशिश अपराध नहीं ? क्या यह नाबालिग बच्ची के अधिकारों और उसकी सुरक्षा पर एक बड़ा सवाल नहीं ? क्या यह चाइल्ड एक्ट का हनन नहीं ? ये कहना गलत नहीं होगा कि सिर्फ और सिर्फ नारी सशक्तिकरण की बातें समाज में किसी तरह का बदलाव नहीं ला सकती ।जब तक कि सरकार में बैठे प्रतिनिधि , न्यायपालिका और अन्य सर्वोच्च पदों पर बैठे लोग संकीर्ण विचारधारा से बाहर नहीं निकलते । कानून सुरक्षा का नाम है। इस से केवल शब्द जाल के अंतर्गत खेलना गलत है । समाज को सही दिशा देने के लिए कानून को ऐसा बनाने की जरूरत है कि अपराधी उससे डरे और खेल ना सके । अपराध होने से पहले ही उसे रोकना न्यायिक प्रणाली का उद्देश्य होना चाहिए ।पीड़ित को न्याय मिलेगा तभी वह न्यायप्रणाली पर भरोसा करेगा। आज जब समाज में मानवता खत्म होने के कगार पर है ऐसे में इस तरह के विवादित फैसले समाज के लिये बड़ा खतरा है । ऐसे फैसले अपराधियों के हौंसले बढ़ते है। जिन पर पुनः विचार करने की आवश्यकता है।

# तलाक की भेंट चढ़ते तेरे मेरे सपने



प्रियंका सौरभ
आर्यनगर, हिसार (हरियाणा)



**जब सपने बिखरते हैं, प्रेम विवाह में तलाक बढ़ते हैं**

**आजकल तलाक के बढ़ते मामलों ने समाज में एक नई चिंता को जन्म दिया है। चाहे अरेंज मैरिज हो या प्रेम विवाह, रिश्तों में दूरियाँ बढ़ने से वैवाहिक जीवन अस्थिर होता जा रहा है। तलाक सिर्फ़ दो लोगों को ही नहीं,बल्कि उनके परिवारों, बच्चों और समाज को भी प्रभावित करता है। इसलिए, इसे रोकने के लिए कुछ ठोस क़दम उठाने रूरी हैं। तलाक कोई हल नहीं है, बल्कि यह आखिरी विकल्प होना चाहिए। रिश्ते को मज़बूत और खुशहाल बनाने के लिए आपसी सम्मान, संवाद, धैर्य और प्रेम रूरी हैं। यदि पति-पत्नी एक-दूसरे को समझने की कोशिश करें और रिश्ते में संतुलन बनाए रखें, तो तलाक की दर को कम किया जा सकता है। प्रेम विवाह में तलाक की दर अधिक होने का कारण ग़लत अपेक्षाएँ, कम सहनशीलता, पारिवारिक समर्थन की कमी और संवाद की कमी है। लेकिन सही समझदारी और परिप[ ता से इसे रोका जा सकता है। शादी सिर्फ़ प्यार से नहीं, बल्कि विश्वास, धैर्य और आपसी सहयोग से सफल होती है...**

आज के दौर में प्रेम विवाह का प्रचलन तेजी से बढ़ा है, लेकिन इसके साथ ही तलाक की दर भी बढ़ती जा रही है। जहाँ प्रेम विवाह को प्रेम,स्वतंत्रता और आपसी समझ का प्रतीक माना जाता था, वहीं तलाक के बढ़ते मामलों ने इस धारणा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। शादी सिर्फ़ दो लोगों का साथ नहीं, बल्कि उनके सपनों, उम्मीदों और भावनाओं का एक संगम होती है। जब दो लोग प्रेम विवाह करते हैं, तो वे भविष्य के कई सुनहरे सपने बुनते हैं—साथ मिलकर जीने के, खुशियाँ बाँटने के और एक खूबसूरत सफ़र तय करने के। लेकिन जब यह सफ़र तलाक की कगार पर पहुँचता है, तो सबसे पहले कुचले जाते हैं तेरे मेरे सपने। शादी से पहले जो जोश, उत्साह और अपनापन होता है, वह धीरे-धीरे कई कारणों से फीका पड़ने लगता है। छोटी-छोटी गलतफहमियाँ,अहंकार की दीवारें और बदलती प्राथमिकताएँ उन सपनों को मिटाने लगती हैं, जिन्हें कभी दोनों ने मिलकर संजोया था। शादी से पहले एक-दूसरे के लिए जो सपने देखे जाते हैं, वे हक़ीक़त की ज़िम्मेदारियों के बोझ तले दबने लगते हैं। जब सपनों की दिशा अलग-अलग हो जाती है, तो रिश्ते कमजोर पड़ने लगते हैं। प्रेम सम्बंध में अक्सर लोग अपने साथी को एक आदर्श रूप में देखते हैं, लेकिन शादी के बाद जब वास्तविकता सामने आती है, तो असंतोष उत्पन्न हो सकता है। एक सफल विवाह के लिए संवाद बहुत ज़रूरी होता है। यदि जीवनसाथी एक-दूसरे की बातों को समझने और सुनने में असमर्थ होते हैं, तो रिश्ते में दरार आ सकती है। कई बार शादी के बाद आर्थिक दबाव और ज़िम्मेदारियों को निभाने में कठिनाइयाँ आने लगती हैं, जिससे मतभेद बढ़ सकते हैं। प्रेम विवाह में कई बार परिवार और समाज का विरोध झेलना पड़ता है। यदि दंपति मानसिक रूप से मज़बूत नहीं होते, तो यह तनाव उनके रिश्ते को प्रभावित कर सकता है। यदि किसी एक साथी का व्यवहार संदेहास्पद होता है या अविश्वास उत्पन्न होने लगता है, तो यह तलाक का कारण बन सकता है। शादी के बाद जब दोनों व्यक्तियों की प्राथमिकताएँ बदलने लगती हैं और यदि उनकी सोच मेल नहीं खाती, तो रिश्ते में तनाव आ सकता है। आधुनिक समय में करियर को प्राथमिकता देने से वैवाहिक जीवन पर असर पड़ सकता है। कई बार साथी एक-दूसरे की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को सीमित करने लगते हैं, जिससे मतभेद बढ़ते हैं। आत्मसम्मान और अहंकार की लड़ाई शुरू हो जाती है। कौन ज़्यादा सही है? यह सवाल रिश्ते को भीतर से खोखला करने लगता है और सपने टूटने लगते हैं।

केवल प्रेम ही नहीं, बल्कि समान विचारधारा,पारिवारिक पृष्ठभूमि, करियर लक्ष्य और जीवनशैली को ध्यान में रखकर जीवनसाथी का चुनाव करें। हर समस्या पर खुलकर बात करें और अपने साथी की भावनाओं को समझने का प्रयास करें। शादी से पहले और बाद में एक-दूसरे से व्यावहारिक अपेक्षाएँ रखें और उन्हें पूरा करने का प्रयास करें। किसी भी रिश्ते की नींव विश्वास होती है। अपने साथी के प्रति निष्ठावान रहें और पारदर्शिता बनाए रखें। हर रिश्ते में उतार-चढ़ाव आते हैं। किसी भी समस्या का समाधान जल्दबाज़ी में न निकालें, बल्कि धैर्यपूर्वक विचार करें। कभी-कभी परिवार और करीबी दोस्तों से सलाह लेना भी रिश्ते को मज़बूत करने में मदद कर सकता है। यदि रिश्ते में समस्याएँ बढ़ रही हैं, तो विवाह विशेषज्ञ या काउंसलर से मार्गदर्शन लेना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। शादी के बाद भी एक-दूसरे के सपनों को समझें और उन्हें साथ मिलकर पूरा करने का प्रयास करें। हर छोटी-बड़ी बात पर चर्चा करें,अपने साथी की भावनाओं को समझें और अपनी बात को सही तरीके से सामने रखें। शादी के बाद ज़िम्मेदारियाँ बढ़ जाती हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि सपनों का त्याग कर दिया जाए।

एक-दूसरे को सहयोग दें ताकि व्यक्तिगत इच्छाएँ पूरी हो सकें। जब रिश्ते में अहंकार आ जाता है,तो प्रेम कम होने लगता है। इसलिए हर स्थिति में प्रेम को प्राथमिकता दें। अगर लगने लगे कि रिश्ता बोझ बन रहा है, तो कुछ समय साथ बिताएँ, घूमने जाएँ, पुरानी यादों को ताज़ा करें और रिश्ते को नए सिरे से शुरू करने की कोशिश करें।

प्रेम विवाह में तलाक की बढ़ती दर चिंताजनक है, लेकिन इसे रोका जा सकता है यदि दंपति आपसी समझ, विश्वास और धैर्य बनाए रखें। शादी सिर्फ़ प्रेम पर आधारित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसमें सम्मान, जिम्मेदारी और परिपक्वता का होना भी ज़रूरी है। सही सोच और व्यवहार अपनाकर प्रेम विवाह को सफल और खुशहाल बनाया जा सकता है। तलाक सिर्फ़ कानूनी अलगाव नहीं होता, यह उन सपनों की मौत भी होती है जो कभी दो लोगों ने मिलकर देखे थे। रिश्तों को बचाने के लिए ज़रूरी है कि प्रेम, विश्वास और समझदारी को बनाए रखा जाए। क्योंकि अगर तेरे मेरे सपने बिखर गए, तो सिर्फ़ दो दिल नहीं टूटेंगे, बल्कि दो जिंदगियाँ भी अधूरी रह जाएँगी। प्रेम विवाह में तलाक की दर अधिक होने का कारण ग़लत अपेक्षाएँ, कम सहनशीलता, पारिवारिक समर्थन की कमी और संवाद की कमी है। लेकिन सही समझदारी और परिपक्वता से इसे रोका जा सकता है। शादी सिर्फ़ प्यार से नहीं, बल्कि विश्वास, धैर्य और आपसी सहयोग से सफल होती है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



## कविता
## ये कैसी जद्दोजहद है

घटती-घटना



अशोक पटेल
तुस्मा शिवरीनारायण
छत्तीसगढ़

ये कैसी जद्दोजहद से भरी है जिंदगी!
किसी को सारे आकाश की मिली है खुशी,
तो कोई मुट्ठी भर खुशी के लिए ताउम्र
जिंदगी भर कर रहा है जद्दोजहद!!
क्या आम आदमी के लिए
यह नसीब नही? क्या वह अपने नसीब को
ही कोसता रहेगा?
इस खुशी को पाने का उसका अधिकार नही!
चलो ठीक उसके लिए खुशी नसीब नही।
और अपने अधिकार की भी
परवाह नही करता।
तो क्या हम उसको चुटकी भर या मुट्ठी भर,
ज़रा सी खुशी से उसके अंतर्मन के मरे हुए,
सपनो को क्या जीवित नही कर सकते?
सम्भव है,जरूर ,हम ऐसा कर सकते हैं।
पर !हम ऐसा नही करेंगे।क्योंकि हम अपनी
खुशी को बांटना नही चाहते,आम आदमी
की जिंदगी में खुशियों का नया सुरज उगाना
नही चाहते,यह मजबूरी नही है घटिया
मनसुबा है।
यही हमारी मानसिकता है।जो हम हमेशा से
आम आदमी की पीड़ा को
अनसुना,अनदेखा करते हैं,
यही हमारे लिए फख्र की बात है।

## कविता
## कभी-कभी यूं ही बेवजह...

घटती-घटना



गरिमा राकेश
कोटा राजस्थान

कभी कभी यूँ ही वजह से नही
बेवजह बात करने का मन करता है ।
ज्यादा नहीबस सब ठीक है
अच्छा है ये जानने कामन करता है ।
सब अच्छा है,ठीक है
से ज्यादा ,जानने का हक
आपका व मेरा रिश्ता भी कहाँ देता है ।
वैसे तो ईश्वर सेपूज्य हो आप
पर दुख बाँटने का हक
ये जमाना कहाँ देता है
कभी कभी यूँ ही
बेवजह ........।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक



# बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से फसल बर्बाद,किसान चिंतित

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 मार्च 2025 (घटती-घटना)।

बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से फसल को भारी नुकसान हुआ है। शुक्रवार की दोपहर में हुई झमाझम बारिश व ओलावृष्टि के बाद देर रात में भी कहर जारी रहा। रात 10 बजे के बाद तेज हवा के साथ झमाझम बारिश व ओलावृष्टि हुई। ओलावृष्टि के कारण महुआ,आम और सब्जी के साथ अन्य फसलों को काफी नुकसान हुआ है। बारिश और ओलावृष्टि के बाद अधिकतम-न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है।



सरगुजा संभाग में गुरुवार से मौसम ने करवट ली,फिर शुक्रवार को बलरामपुर सरगुजा समेत अन्य जिलों में भारी बारिश के साथ जमकर ओले भी गिरे। बलरामपुर जिले के सामरी, शंकरगढ़ और सरगुजा जिले के मैनपाट, उदयपुर समेत अंबिकापुर में देर रात झमाझम बारिश व ओलावृष्टि हुई। ओलावृष्टि से गेहूं, चना,अरहर सहित सब्जी की फसलों को अधिक नुकसान पहुंचा है। वहीं तेज हवा के साथ बारिश व ओलावृष्टि से आम,कटहल, महुआ व लिजी को भी नुकसान पहुंचा है। बेमौसम बारिश से हुए फसलों के नुकसान से किसान चिंतित हैं। किसानों का कहना है कि महंगे खाद-बीज लगाकर खेती किया था। बेमौसम बारिश ने सब बर्बाद कर दिया। किसान कर्ज में डूब गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार की दोपहर व रात में झमाझम बारिश हुई है। अंबिकापुर की बात करें तो 24 घंटे में कुल 26.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है। बारिश के साथ ओले पडने् से अंबिकापुर का न्यूनतम तापमान गिरकर 15 डिग्री पहुंच गया है। इस दौरान अधिकतम तापमान भी 27 डिग्री दर्ज किया गया है। तेज आंधी के साथ हुई झमाझम बारिश से रेण नदी सहित अन्य नदियों ऊपन पर आ गई है। वहीं तेज आंधी के कारण तार टूटने व विद्युत खंभों के गिरने से घंटों बिजली गुल रही। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपर्ति काफी देर तक बाधित रहा। उदयपुर की बात करें तो शुक्रवार की रात से शनिवार सुबह तक बिजली गुल रही।

# अंबिकापुर के शुभम ने एसएससी में किया टॉप,लेंगे विदेश मंत्रालय में ज्वाईनिंग

## परिवार व शहर में खुशी की लहर

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 मार्च 2025 (घटती-घटना)।

हाल ही में कुछ दिन पूर्व एसएससी का रिजल्ट आया जिसमे अंबिकापुर के कुंडला सिटी में रहने वाले शुभम अग्रवाल ने भारत में एसएससी सीजीएल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शुभम के पिता मुकेश अग्रवाल व्यवसायी हैं। शुभम कुंडला सिटी में ही ट्यूशन क्लास चलाते हैं। रिजल्ट आते ही परिवार में खुशी का माहौल है। इस बार एसएससी सीजीएल की परीक्षा 19 लाख लोगो ने 18000 पदों के लिए दी थी। प्रथम स्थान आने पर देश के विभिन्न इंस्टिट्यूट के अधिकारी शुभम के घर बधाई देने व इंटरव्यू लेने पहुंच रहे हैं। शुभम की प्रारंभिक शिक्षा भैयाथान के नेहरू बाल विद्या मंदिर से हुई। इसके बाद सूरजपुर के ग्लोबल पब्लिक स्कूल से कक्षा 9 और 10 की पढ़ाई की। कक्षा 11 और 12 की शिक्षा फिर से भैयाथान के सरकारी स्कूल से पूरी की। शुभम की स्नातक की शिक्षा एनआईटी रायपुर से हुई। यह शुभम का एसएससी सीजीएल में पहला प्रयास था। इससे पहले शुभम ने यूपीएससी का पेपर दिया था जिसमें इन्होंने 3 बार प्रारंभिक परीक्षा पास की। एसएससी सीजीएल में प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद शुभम अब विदेश मंत्रालय ज्वाइन करेंगे। यह पहली बार है जब छत्तीसगढ़ से कोई प्रथम आया हो। कई वर्षों के कठिन परिश्रम के पश्चात यह मुकाम मिलने पर परिवार के सदस्यों ने आतिशबाजी कर खुशियां मनाई। शुभम ने इस उपलब्धि के लिए अपने माता-पिता,भाई,धर्मपत्नी के साथ-साथ अपने गुरुजनों को श्रेय दिया है।

# बालकृष्ण पाठक बने कांग्रेस जिलाध्यक्ष



अंबिकापुर,22 मार्च 2025 (घटती-घटना)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता बालकृष्ण पाठक सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी के नए अध्यक्ष नियुक्त हुए हैं। पूर्व में वे वर्ष 2016 से 2019 तक सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रह चुके हैं। उनके कार्यकाल में वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने सरगुजा की तीनों विधानसभा क्षेत्र में भारी बहुमत से जीत हासिल किया था। कांग्रेस की सरकार में वे औषधीय पादप बोर्ड के अध्यक्ष पद पर मनोनीत हुए थे,जो केबिनेट मंत्री के स्तर का पद है। उनकी नियुक्ति का पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है।

# ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 मार्च 2025 (घटती-घटना)।

बहन और उसकी सहेली को स्कूल छोडने् के लिए जा रहे बाइक सवार युवक को ट्रेलर का चालक ठोकर मार दिया। दुर्घटना में घायल युवक का मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस चौकी रघुनाथपुर क्षेत्र के ग्राम कोट जूनापारा निवासी ओमप्रकाश पिता बबलू नागेश 21 वर्ष ने पुलिस को बताया है कि 20 मार्च को दिन में 11.30 बजे उसका छोटा भाई सोनू नागेश अपने मोटरसायकल क्रमांक सीजी 15 सीव्ही 2206 में बहन लीलावती नागेश व उसकी सहेली प्रीति नागेश को बैठाकर घर से स्कूल छोडने् लमगांव जा रहा था। ग्राम लमगांव बस स्टैण्ड के पास अंबिकापुर से बतौली की ओर जा रही ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 एमसी 6282 का चालक सुरेन्द्र सिंह निवासी टाटीबांध हीरापुर रायपुर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसे ठोकर मार दिया। दुर्घटना में सोनू नागेश को दाहिने हाथ-पैर में गंभीर चोट आई थी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रघुनाथपुर से प्राथमिक चिकित्सा के बाद रेफर करने पर उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। मोटरसायकल सवार बहन और उसकी सहेली को मामूली चोट आई है। रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रेलर को जप्त करके चालक के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है।




# कोयला लोड ट्रकों का डीजल, बैटरी बेचकर फरार हुए चालक

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 मार्च 2025(घटती-घटना)।

चालक ने ट्रकों से डीजल व बैटरी बेचकर फरार हो गया है। ट्रांसपोर्टर ने घटना की रिपोर्ट मणिपुर थाना में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार गांधीनगर थाना क्षेत्र के ठाकुरपुर, राघवपुरी निवासी ट्रांसपोर्टर अर्जुन कुमार ने मणिपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वह पुलिस को बताया है कि उसके ट्रक को झारखंड निवासी असगर अंसारी एवं शमीम अंसारी चलाते हैं। 20 मार्च की सुबह करीब 3 बजे कोयला लोड ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 5567 को असगर अंसारी और ट्रक क्रमांक सीजी 25 डीसी 1985 को लेकर शमीम अंसारी को ढेकानाल उड़ीसा भेज रहा था। इन्हें दोनों ट्रक में 25-25 हजार रुपये का डीजल, कोयले का कागज और 10-10 हजार रुपये नगद देकर 20 मार्च को रवाना किया था। 21 मार्च को दोनों ट्रक मणिपुर थाना के सामने खड़ा मिला, जिसके चालकों का पता नहीं था। ट्रक को देखने पर पता चला कि दोनों गाडियों में डलवाया गया 25-25 हजार रुपये का डीजल, चार बैटरी, कोयले का पेपर सहित कई सामान गायब था। ट्रांसपोर्टर ने ट्रकों का डीजल, बैटरी सहित अन्य सामान बेचकर प्राप्त रकम के अलावा नगदी 20 हजार रुपये लेकर चालकों के फरार होने की रिपोर्ट मणिपुर थाना में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# सचिव सह आबकारी आयुक्त आर संगीता ने ली आबकारी विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 मार्च 2025 (घटती-घटना)।

राज्य शासन के आबकारी विभाग की सचिव सह आयुक्त आर संगीता ने जिला पंचायत सभाकक्ष में शनिवार को सरगुजा कलेक्टर विलास भोसकर की उपस्थिति में आबकारी विभाग के अधिकारियों की संभागस्तरीय समीक्षा बैठक ली। उनके साथ अपर आयुक्त आबकारी आशीष श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। बैठक में विभागीय गतिविधियों की समीक्षा और राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कार्य योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने इस दौरान सम्भाग के सभी जिलों के अधिकारियों से बैठक की एजेण्डावार जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए देशी-विदेशी मदिरा की फुटकर मदिरा दुकानों की आबकारी नीति के अंतर्गत व्यवस्थापन के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। दुकानों में मदिरा बिक्री, आबकारी राजस्व,अहाता अनुज्ञप्ति, मनपसंद एप्प, सुविधा एप्प एवं आधार बेस्ड बायोमेट्रिक अटेंडेंस एवं वेतन के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई।इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आहताओं में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था हो। आबकारी विभाग के अधिकारी राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के साथ आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करें। सेटअप के संदर्भ में उन्होंने आश्वासन दिया कि विभागीय पदोन्नति एवं रिक्त पदों को भरने की कार्यवाही शीघ्र ही किया जाएगा। उपस्थित सरगुजा संभाग के सहायक जिला आबकारी अधिकारियों एवं आबकारी उपनिरीक्षकों को निर्देश दिया गया कि राजस्व प्राप्ति हेतु समस्त जिले बेहतर प्रयास करें एवं विभागीय अधिकारी एवं दुकानों के प्रभारी अधिकारी लगातार निरीक्षण करें और प्रतिदिन की बिक्री पर निगरानी रखें।




# नकली डॉक्टर के इलाज से महिला की मौत,आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
बलरामपुर,22 मार्च 2025 (घटती-घटना)।

शंकरगढ़ बलरामपुर जिले के थाना शंकरगढ़ क्षेत्र में इलाज के नाम पर लापरवाही बरतने और बिना अनुमति चिकित्सा करने के आरोप में एक कथित बंगाली डॉक्टर को गिरफ्तार किया गया है।

मामला 20 नवंबर 2024 का है, जब गायत्री तिर्की नामक महिला बवासीर की तकलीफ के कारण लक्ष्मी मेडिकल स्टोर पहुंची थी। यहां मेडिकल स्टोर संचालक अशोक विश्वास 37 वर्ष, निवासी नावापारा लडुवा, थाना राजपुर ने उसे कथित रूप से दो इंजेक्शन लगाए, जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे अस्पताल ले जा रहे थे,लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।शंकरगढ़ में मेडिकल स्टोर को सील कर दिया गया व इंजेक्शन से महिला की मौत पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई किया गया।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा

मर्ग जांच के बाद मृतिका के विसरा का रासायनिक एवं हिस्टोपैथोलॉजी परीक्षण कराया गया। रिपोर्ट में मौत का कारण अनैतिक चिकित्सा लापरवाही बताया गया। जब पुलिस ने अशोक विश्वास से इलाज करने के संबंध में लाइसेंस या दस्तावेज मांगे, तो वह कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सका।



### आरोपी ने कबूला अपराध

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने मोंटास इंजेक्शन लगाने और उसकी शीशी परसापानी के पास फेंकने की बात स्वीकार की। पुलिस ने उसके बताए स्थान से इंजेक्शन बरामद कर लिया।पुलिस ने अशोक विश्वास के खिलाफ धारा 105 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# ट्रक और बाइक की टक्कर में चाचा-भतीजे की मौत,चालक फरार

- संवाददाता -
रामानुजगंज,22 मार्च 2025 (घटती-घटना)।

रामानुजगंज ग्राम पंचायत महावीरगंज में बीते शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में चाचा-भतीजे की मौत हो गई। अनियंत्रित ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही दोनों की जान चली गई। घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### शादी के कार्ड बांटकर लौट रहे थे दोनों

विजयनगर पुलिस चौकी प्रभारी अश्विनी सिंह ने बताया कि मृतकों की पहचान लखपति पोया (40) और रामाशंकर पोया (45), निवासी जनकपुर, रघुनाथनगर थाना क्षेत्र के रूप में हुई है। रामाशंकर अपनी बेटी की शादी का कार्ड बांटने के बाद मितगई से लौट रहे थे। इसी दौरान रविवार दोपहर करीब 2:30 बजे महावीरगंज के उड्डू नाला के पास उनकी बाइक को एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी।



### चालक फरार,पुलिस जांच में जुटी

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को रामानुजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# सचिव संघ ने सरकार के आदेश की प्रतियां जलाई,शासकीयकरण की मांग को लेकर अड़े

- संवाददाता -
उदयपुर,22 मार्च 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ में पंचायत सचिवों का अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। सरकार द्वारा 24 घंटे के भीतर हड़ताल समाप्त करने के निर्देश के बावजूद सचिव संघ ने इसे दमनात्मक करार देते हुए आदेश की प्रति जलाकर विरोध जताया।

जनपद पंचायत उदयपुर सचिव संघ ने आज धरना प्रदर्शन स्थल पर एकत्रित होकर सरकार के आदेश की निंदा की। संघ के अध्यक्ष बाबूलाल दास,संरक्षक रामबिलास यादव और अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक पंचायत सचिवों की मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।



क्या हैं पंचायत सचिवों की मांगें? पंचायत सचिवों का मुख्य मुद्दा उनके शासकीयकरण से जुड़ा हुआ है। विधानसभा चुनाव 2023-24 के दौरान सरकार ने पंचायत सचिवों को शासकीय करने का वादा किया था। 7 जुलाई 2024 को रायपुर में आयोजित ÷सचिव दिवस सम्मेलन÷ में मुख्यमंत्री,उपमुख्यमंत्री और अन्य नेताओं ने इस पर सहमति जताई थी और कमेटी गठित करने की घोषणा की थी।

इसके बाद 16 जुलाई 2024 को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने एक समिति बनाकर 30 दिनों में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए थे। रिपोर्ट प्रस्तुत होने के बावजूद सरकार ने अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया, जिससे सचिव संघ में असंतोष बढ़ता गया।


### हड़ताल से प्रभावित कार्य

17 मार्च 2025 से जारी इस हड़ताल के कारण पंचायत स्तर पर कई विकास कार्य ठप हो गए हैं। नवनिर्वाचित सरपंचों को प्रभार नहीं मिल पा रहा है और पंचायती राज के तहत आने वाले 200 से अधिक कार्यों पर असर पड़ा है।

सचिव संघ ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगों को सरकार पूरा नहीं करती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।



# इस्राइल ने लेबनान पर किया पलटवार,इस्राइली ठिकानों पर दागे गए रॉकेटों का दिया जवाब



**बेरूत,22 मार्च 2025।** इस्राइल ने शनिवार को लेबनान में कई ठिकानों पर हमले किए। यह कार्रवाई लेबनान से इस्राइल पर दागे गए रॉकेटों के जवाब में की गई है। यह संघर्ष पिछले युद्ध-विराम के बाद की सबसे बड़ी झड़प बताई जा रही है। बता दें कि,शुक्रवार को लेबनान की तरफ से इस्राइल की ओर रॉकेट दागे गए। यह हमला दिसंबर के बाद दूसरी बार हुआ, जिससे युद्ध-विराम के भविष्य को लेकर चिंताएं बढ़ गईं। वहीं जवाबी कार्रवाई में इस्राइल ने लेबनान में दर्जनों ठिकानों पर हमले किए हैं।

**लेबनान के हमले पर इस्राइल की प्रतिक्रिया**

इस्राइल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि सेना को सख्त जवाबी कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इसके तहत लेबनान के कई ठिकानों पर मिसाइल और हवाई हमले किए गए।

### हिजबुल्ला और इस्राइल का संघर्ष

हिजबुल्ला ने सात अक्तूबर 2023 को हमास की तरफ से इस्राइल पर किए गए हमले के बाद इस्राइल पर रॉकेट और ड्रोन हमले शुरू कर दिए थे। सितंबर 2024 में यह संघर्ष बड़े युद्ध में बदल गया, जब इस्राइल ने लेबनान में बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए। इस्राइल की तरफ से किए गए इन हमलों में हिजबुल्ला के कई वरिष्ठ नेताओं की मौत हुई थी। वहीं इस संघर्ष के कारण अब तक 4,000 से ज्यादा लेबनानी नागरिक मारे गए,जबकि 60,000 से अधिक इस्राइली लोगों को अपने घर छोड़ने को मजबूर होना पड़ा हैं।

**संयुक्त राष्ट्र ने दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील की**

वहीं फिर से शुरू हो रहे इस संघर्ष को लेकर विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह संघर्ष आगे बढ़ा, तो यह पूरे क्षेत्र को अस्थिर कर सकता है। इधर,संयुक्त राष्ट्र और अन्य देशों ने दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील की है।

# स्पेस में अतिरिक्त समय रहने के लिए सुनीता-विल्मोर को हर दिन के 5 डॉलर मिलेंगे,ट्रंप जेब से भी देंगे पैसा



**वाशिंगटन,22 मार्च 2025।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अंतरिक्ष यात्रियों सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को अंतरिक्ष में अतिरिक्त समय बिताने के एवज में अपनी जेब से भुगतान करने का वादा किया है। ट्रंप का यह बयान तब आया जब फॉक्स न्यूज के पत्रकार पीटर डूसी ने ओवल ऑफिस में बातचीत के दौरान बताया कि दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को उनके अतिरिक्त समय के लिए प्रति दिन सिर्फ 5 अमेरिकी डॉलर का भुगतान किया गया। 286 दिनों के लिए यह राशि कुल 1,430 अमेरिकी डॉलर बनती है।

ट्रंप से जब पूछा गया कि प्रशासन उनके लिए क्या कर सकता है, तो ट्रंप ने जवाब दिया,ठीक है,किसी ने कभी मुझसे इसका उल्लेख नहीं किया। अगर मुझे करना पड़ा,तो मैं इसे अपनी जेब से भुगतान करूंगा। ट्रम्प ने इस मौके पर एलन मस्क की भी सराहना की। उन्होंने कहा अगर एलन होते,तो वे (अंतरिक्ष यात्री) बहुत पहले लौट चुके होते। उन्होंने मस्क के विरोधियों की ओर इशारा करते हुए कहा,जो लोग उनके खिलाफ साजिश कर रहे हैं,उन्हें पकड़कर मुकदमे का सामना करना पड़ेगा, और कोई नरमी नहीं बरती जाएगी।

न्यूयॉर्क टाइम्स ने नासा के अंतरिक्ष संचालन मिशन निदेशालय के प्रवक्ता जिमी रसेल के हवाले से बताया गया है कि अंतरिक्ष में रहते हुए, नासा के अंतरिक्ष यात्रियों को संघीय कर्मचारियों के रूप में आधिकारिक यात्रा आदेश मिलते हैं।

उन्होंने आगे बताया कि अंतराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों को कोई ओवरटाइम,छुट्टी या सप्ताहांत का वेतन नहीं मिलता है। रसेल ने कहा कि उनके परिवहन,भोजन और आवास का खर्च वहन किया जाता है।

# अमेरिका ने अर्जेंटीना के पूर्व राष्ट्रपति पर लगाया यात्रा प्रतिबंध, भ्रष्टाचार में शामिल होने का आरोप

**ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना),22 मार्च 2025।** अमेरिका के विदेश विभाग ने अर्जेंटीना की पूर्व राष्ट्रपति क्रिस्टीना फर्नांडीज पर पद पर रहते हुए बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में संलिप्त होने का आरोप लगाते हुए देश में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। विदेश विभाग ने फर्नांडीज के योजना मंत्री जूलियो मिगुएल डी विडो और उनके परिवार के लोगों पर भी यात्रा प्रतिबंध लगा दिया है।



विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि किर्चनर और डी विडो ने ÷सार्वजनिक निर्माण अनुबंधों से जुड़ी कई योजनाओं में रिश्वतखोरी को अंजाम देकर और उनसे वित्तीय लाभ उठाया। उन्होंने अपने पदों का दुरुपयोग किया,जिसके परिणामस्वरूप अर्जेंटीना सरकार से लाखों डॉलर की चोरी हुई। उन्होंने कहा कि कई अदालतों ने दोनों को भ्रष्टाचार के आरोपों में दोषी ठहराया है। फर्नांडीज हाल के वर्षों में दक्षिण अमेरिकी देश में एक प्रमुख राजनीतिक शख्सियत रहे हैं। रुबियो ने कहा,संयुक्त राज्य अमेरिका उन लोगों के लिए जवाबदेही को बढ़ावा देना जारी रखेगा जो निजी लाभ के लिए सार्वजनिक शक्ति का दुरुपयोग करते हैं। ऐसे कदम वैश्विक भ्रष्टाचार का मुकाबला करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं,जिसमें सरकार के उच्चतम स्तर भी शामिल हैं। नवंबर में अर्जेंटीना के एक न्यायाधिकरण ने फर्नांडीज के खिलाफ छह साल की जेल की सजा और सार्वजनिक पद पर आजीवन प्रतिबंध को बरकरार रखा। पूर्व राष्ट्रपति को 2022 में तीन न्यायाधीशों के पैनल की ओर से एक धोखाधड़ी योजना के लिए दोषी ठहराया गया और सजा सुनाई गई। उनके राष्ट्रपति पद के दौरान सार्वजनिक निर्माण परियोजनाओं के माध्यम से लाखों डॉलर का गबन किया गया था।

# नाइजर में जिहादी हमले में कम से कम 44 नागरिकों की मौत



**डाकार,22 मार्च 2025।** अफ्रीकी देश नाइजर के पश्चिमी हिस्से में एक गांव पर जिहादी समूह द्वारा किए गए एक हमले में कम से कम 44 नागरिकों की मौत हो गई है। यह हमला शुक्रवार दोपहर फंबिता गांव में हुआ,जो कोकोरोउ की ग्रामीण इलाके में स्थित है और माली तथा बुर्किना फासो की सीमा के करीब है। मंत्रालय ने अपने बयान में इस हमले के लिए इस्लामिक स्टेट इन द ग्रेट सहारा (ईआईजीएस) को जिम्मेदार ठहराया है।

मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया,दोपहर करीब 2 बजे जब मुस्लिम उपासक शुक्रवार की नमाज अदा कर रहे थे,तब भारी हथियारों से लैस आतंकियों ने मस्जिद को घेर लिया और अत्यधिक क्रूरता से नरसंहार को अंजाम दिया। इसके अलावा बंदूकधारियों ने एक बाजार और कई घरों में आग लगा दी और फिर मौके से फरार हो गए।

### तख्तापटल के बाद बिगड़े हालात

मंत्रालय के अनुसार,इस हमले में अब तक कम से कम 44 नागरिकों की मौत हो चुकी है, जबकि 13 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सरकार ने तीन दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। नाइजर,बुर्किना फासो और माली पिछले एक दशक से जिहादी समूहों के खिलाफ संघर्ष झेल रहे हैं। जिनमें अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट से जुड़े संगठन शामिल हैं।

हाल के वर्षों में इन तीनों देशों में सैन्य तख्तापलट के बाद सत्तारूढ़ जुंटाओं ने फ्रांसीसी सेना को निष्कासित कर दिया और सुरक्षा सहायता के लिए रूस की भाड़े की सेना को रखा है। इन देशों ने सहेल राज्यों के गठबंधन के रूप में एक नया सुरक्षा गठबंधन बनाने का वादा किया है।

हालांकि,विश्लेषकों का कहना है कि जब से इन सैन्य सरकारों ने सत्ता संभाली है सहेल क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति काफी बिगड़ गई है। जिहादी हमलों और सरकारी बलों द्वारा की गई हिंसा में भारी संख्या में नागरिक मारे जा रहे हैं।




# लापता भारतीय छात्रा सुदीक्षा की तलाश बंद,भावुक परिजन बोले... वह समुद्र की तेज लहरों में बह गई

**वॉशिंगटन,22 मार्च 2025।** लापता भारतीय छात्रा सुदीक्षा कोनांकी को मृत मान लिया गया है और अब उसकी तलाश भी बंद कर दी गई है। सुदीक्षा के माता-पिता ने भी बयान जारी कर कहा है कि अब वे इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि वह समुद्र की तेज लहरों में बह गई। सुदीक्षा के माता पिता का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें सुदीक्षा के भावुक पिता सुब्बारायडु कहते दिख रहे हैं अमेरिका और डोमिनिकन रिपबल्किन दोनों ही पक्षों ने मान लिया है कि घटना के वक्त लहरें बहुत तेज थीं और इस मामले में जो संदिग्ध युवक है जोशुआ रिबे, वह भी निर्दोष पाया गया है।

सुब्बारायडु ने भावुक होते हुए कहा कि हम बहुत दुख और भारी मन के साथ ये मान चुके हैं कि हमारी बेटी समुद्र में बह गई है। यह हमारे लिए बेहद मुश्किल है। हम चाहते हैं कि आप लोग हमारी बेटी के लिए प्रार्थना करें। अमेरिका और डोमिनिकन रिपब्लिक की सरकारें सुदीक्षा की तलाश में जुटीं थीं और मामले की जांच कर रहीं थी। कई दिन की तलाश के बाद अब दोनों सरकारों ने लापता भारतीय छात्रा की खोज बंद करने का फैसला किया और इसके लिए सुदीक्षा के परिजनों से बयान जारी करा मंजूरी ली गई।

# हीथ्रो हवाई अड्डे पर एक दिन की शटडाउन के बाद उड़ानें बहाल,यात्रियों ने ली राहत की सांस




**लंदन,22 मार्च 2025।** यूरोप के सबसे व्यस्त हवाईअड्डे- हीथ्रो पर परिचालन शुरू हो गया है। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, लंदन स्थित हीथ्रो एयरपोर्ट पर सेवाएं बहाल हो गई हैं। एयरपोर्ट ने कहा कि शनिवार को यह पूरी तरह से चालू हो गया। दरअसल,बिजली के सबस्टेशन में आग लगने की वजह से यह लगभग एक दिन तक ठप रहा था। हालांकि,एयरलाइंस ने चेतावनी दी है कि विमानों और चालक दल को स्थानांतरित करने और यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए कई दिनों तक मशक्कत करनी पड़ सकती है।

हीथ्रो ने एक बयान में कहा कि हमारे टर्मिनलों में सैकड़ों अतिरिक्त कर्मी मौजूद हैं। हमने एयरपोर्ट से यात्रा करने वाले अतिरिक्त 10,000 यात्रियों की सुविधा के लिए आज के शेड्यूल में उड़ानें जोड़ी हैं। आज यात्रा करने वाले यात्रियों को अपनी उड़ान के बारे में नवीनतम जानकारी के लिए अपनी एयरलाइन से संपर्क करना होगा।

इससे पहले एयरपोर्ट अथॉरिटी की तरफ से शुक्रवार देर रात करीब 11.40 बजे (भारतीय समय) जारी बयान में कहा गया कि लगभग 18 घंटे तक परिचालन बाधित रहने के बाद देर रात पहले विमान की सुरक्षित लैंडिंग कराने में सफलता मिली। एयरपोर्ट प्रवक्ता ने शुक्रवार देर रात जारी एक बयान में कहा कि हालात सामान्य हों,इसके लिए हमारी टीमें अथक प्रयास कर रही हैं। हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हीथ्रो कुछ उड़ानें सुरक्षित रूप से शुरू करने में सक्षम हो गया है।

### आग के बाद 16300 घरों में अंधकार

गौरतलब है कि हीथ्रो पर विद्युत उपकेंद्र में आग लगने के कारण एयरपोर्ट को बंद करना पड़ा था। इस हादसे के कारण वैश्विक उड़ानें बुरी तरह प्रभावित हुईं। 1350 फ्लाइट्स को या तो वापस लौटाना पड़ा या नजदीकी हवाईअड्डों की तरफ डायवर्ट कर दिया गया। आग के बाद 16300 घरों में अंधकार छा गया। एयरपोर्ट प्रबंधन ने कहा कि उनके पास परिचालन बंद करने के अलावा दूसरा विकल्प नहीं था। इस हादसे के कारण अनुमानित तौर पर दो लाख यात्री प्रभावित हुए हैं।

### सबसे पहले इन विमानों को तरजीह

उन्होंने कहा कि सबसे पहले लंदन आने वाली उड़ानों को प्राथमिकता मिलेगी। इसके अलावा दूसरे देशों से आने वाले विमान जिनका मार्ग बदला है,उन्हें भी तरजीह मिलेगी। हवाई अड्डे की यात्रा न करें। प्रवक्ता ने यात्रियों को एयरलाइन से ताजा सूचना लिए बिना हीथ्रो न आने की सलाह भी दी।

हीथ्रो के प्रवक्ता ने कहा,अब हम एयरलाइनों के साथ मिलकर उन यात्रियों को वापस लाने पर काम करेंगे जिन्हें यूरोप के दूसरे हवाई अड्डों पर भेजा गया था। हमें उम्मीद है कि कल (शनिवार) पूरा ऑपरेशन शुरू हो जाएगा।

उन्होंने कहा, हमारी प्राथमिकता हमारे यात्रियों और हवाई अड्डे पर काम करने वालों की सुरक्षा है। यात्रियों को हुई असुविधा के प्रति खेद प्रकट करते हुए हीथ्रो प्रबंधन ने कहा,यूरोप का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा होने के कारण यहां एक छोटे शहर जितनी बिजली/ऊर्जा की खपत होती है।

# आइसलैंड की शिक्षा मंत्री के अतीत पर विवाद, नाबालिग से रिश्ते के खुलासे के बाद इस्तीफा



**नई दिल्ली,22 मार्च 2025।** तीन दशक पुराना एक रिश्ता आइसलैंड की शिक्षा व बाल मामलों की मंत्री एस्थिल्डुर लोआ थोर्सडोटिर के राजनीतिक करियर पर भारी पड़ गया। आइसलैंड की मंत्री ने एक 15 वर्षीय लड़के के साथ अपने पिछले रिश्ते को स्वीकार करने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

58 वर्षीय मंत्री ने हाल ही में स्वीकार किया कि जब वह 22 साल की थीं, तब उन्होंने एक 15 वर्षीय लड़के के साथ संबंध बनाए थे, जिससे बाद में एक संतान भी हुई। इस खुलासे के बाद देशभर में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली। इसके बाद बढ़ते दबाव के बीच थोर्सडोटिर अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। यह इस्तीफा ऐसे समय पर आया, जब उस लड़के (जो अब एक वयस्क हैं) ने आरोप लगाया कि थोर्सडोटिर ने वर्षों तक उन्हें उनके बच्चे से मिलने से रोका। आइसलैंड के कानूनों के मुताबिक, यह संबंध गैरकानूनी था, जिससे मामला और भी गंभीर हो गया है।

आइसलैंडिक समाचार आउटलेट विसिर के साथ एक साक्षात्कार में, 58 वर्षीय राजनीतिज्ञ ने खुलासा किया कि उसने यह रिश्ता तब शुरू किया था जब वह एक धार्मिक समूह में 22 वर्षीय परामर्शदाता थी। इस रिश्ते के कारण एक बच्चे का जन्म हुआ जब नाबालिग, एरिक अस्मुंडसन, 16 साल का था, और थोरसडॉटिर 23 साल की थी।

इस खुलासे के बाद राष्ट्रीय स्तर पर विवाद शुरू हो गया। खास तौर पर तब जब असमुंडसन ने थोर्सडॉटिर पर आरोप लगाया कि उसने उन्हें अपने बच्चे से संपर्क करने से रोका। आइसलैंडिक समाचार एजेंसी आरयूवी के अनुसार, वह जन्म के समय मौजूद था और उसने बच्चे के जीवन का पहला साल उनके साथ बिताया। हालांकि, आइसलैंड के न्याय मंत्रालय को सौंपे गए दस्तावेजों से पता चलता है कि 18 साल तक बच्चे के भरण-पोषण के लिए भुगतान जारी रखने के बावजूद, उसके बेटे तक पहुंच के लिए उसके अनुरोध को अस्वीकार कर दिया गया था।

आइसलैंड के कानून में, शिक्षक या मार्गदर्शक जैसे अधिकार वाले पद पर आसीन किसी वयस्क व्यक्ति की ओर से 18 वर्ष से कम आयु के नाबालिग के साथ यौन संबंध बनाना गैरकानूनी है। आइसलैंडिक सामान्य दंड संहिता के तहत ऐसे अपराध के लिए अधिकतम तीन वर्ष की जेल की सजा का प्रावधान है। थोर्सडॉटिर ने इस रिश्ते को लेकर विवाद को स्वीकार किया और इसे अपनी युवावस्था की गलती बताया। उन्होंने विसिर से कहा,36 साल हो गए हैं, इस दौरान बहुत सी चीजें बदल गई हैं और आज मैं निश्चित रूप से इन मुद्दों से अलग तरीके से निपटती।÷ हालांकि, उन्होंने कहा कि वह नहीं चाहतीं कि उनके अतीत का यह अध्याय मंत्रालय में उनके काम पर हावी हो जाए। हालांकि,उन्होंने पुष्टि की कि वह संसद में बने रहना चाहती हैं।

यह इस्तीफा तब आया जब कथित तौर पर एस्मुंडसन के एक रिश्तेदार ने आइसलैंड के प्रधानमंत्री से इस मामले के बारे में संपर्क करने का प्रयास किया। जवाब में, थोरसडॉटिर ने इस मुद्दे के कारण सरकारी कामकाज में संभावित व्यवधान का हवाला देते हुए पद छोड़ने का फैसला किया।

# फर्जी सीबीआई अधिकारी बनकर ठगी अंतरराज्यीय गिरोह सरगना समेत 3 गिरफ्तार

## बलरामपुर जिले के बसंतपुर थाना क्षेत्र की यह घटना



**- संवाददाता -**
**बलरामपुर,22 मार्च 2025 (घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर ठगी के मामले में गिरफ्तारी हुई है। पुलिस की स्पेशल टीम ने अंतरराज्यीय गिरोह के सरगना शाकिब खान सहित अन्य दो आरोपी रिफाकत हुसैन और रिजवान अहमद को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी उत्तरप्रदेश के बरेली जिले के रहने वाले हैं। इन तीनों आरोपियों को यूपी से गिरफ्तार किया गया है।

रेप केस में फंसाने की धमकी देकर ऑनलाइन ठगी,बलरामपुर जिले के बसंतपुर थाना क्षेत्र में रहने वाले प्रार्थी से ठगी हुई। उनको वाट्सएप पर वीडियो कॉल किया गया। फिर खुद को सीबीआई बताकर उनके देहरादून में पढ़ाई कर रहे बेटे को रेप केस में फंसाने की धमकी दी गई एवं ब्लैकमेल कर ऑनलाइन ठगी की गई।

### बलरामपुर फर्जी सीबीआई अधिकारी

मास्टरमाइंड सहित तीन आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने इस मामले में बीएनएस और आईटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू की। रिपोर्ट दर्ज होने के करीब पांच महीने बाद बसंतपुर पुलिस टीम ने मास्टरमाइंड शाकिब खान सहित अन्य दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

बलरामपुर जिले के एडिशनल एसपी विश्व दीपक त्रिपाठी ने बताया कि बसंतपुर थाना क्षेत्र में बीते साल दो नवंबर को प्रार्थी ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि उनके साथ ऑनलाइन ठगी हुई है,जिसमें उनके बेटे को फर्जी पुलिस बनकर बताया गया कि उसे रेप केस में फंसाया जा रहा है और यदि आप हमारे अकाउंट में 70 हजार रुपए डाल देते हैं तो उसे छोड़ दिया जाएगा।

प्रार्थी ने बसंतपुर थाना में एफआईआर दर्ज कराया एवं बसंतपुर पुलिस टीम ने उत्तरप्रदेश जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया है,जो नकली पुलिस बनकर ऑनलाइन गिरोह के माध्यम से ठगी करते थे। ये अंतरराज्यीय गिरोह के है। विश्व दीपक त्रिपाठी,एएसपी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ उत्तरप्रदेश में भी मामला दर्ज हैं । वहीं बलरामपुर जिले के एडिशनल एसपी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों के खिलाफ उत्तरप्रदेश में भी मामले दर्ज हैं। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है,जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया जाएगा।

CMYK

# कौन है विनोद जो कोरिया जिले के सीटी कोतवाली और पटना थाना क्षेत्र में खुलेआम खिलवाता है जुआं ?

**पटना थाना क्षेत्र के जगदीशपुर जंगल में वहीं सिटी कोतवाली क्षेत्र के मुड़ीझरिया क्षेत्र में बड़े जुआ फड़ के संचालन की बात है आम**

**सिटी कोतवाली सहित पटना थाना और साइबर सेल के पुलिसकर्मियों की जानकारी में हो रहा है जुआःसूत्र**

**प्रतिदिन 25 हजार तक की नाल वसूली कर रहा विनोद नाम का युवक,जुआ खिलवाने वाला महिला आरक्षक का पतिःसूत्र**




-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर/पटना,22 मार्च 2025 (घटती-घटना)।
कोरिया जिले के सीटी कोतवाली और पटना पुलिस थाना क्षेत्र में बड़े जुआ फड़ के संचालन की बात फिर आम हो गई है। जुआ फड़ जंगलों में और एकांत जगहों पर जगह बदल-बदल कर चलाया जा रहा है और विनोद नाम के युवक के द्वारा जो एक महिला आरक्षक का पति है के द्वारा यह फड़ संचालित हो रहा है यह बात सूत्रों के द्वारा बताई जा रही है वहीं सूत्रों का यह भी कहना है कि इस जुआ फड़ की जानकारी पटना थाना के चार आरक्षकों सिटी कोतवाली को दो आरक्षकों और साइबर सेल के दो आरक्षकों को है जो इस फड़ से कुछ हिस्सा प्राप्त करते हैं।

सूत्रों द्वारा बताई जानकारी कितनी सच है यह तो अब पुलिस को तय करना है लेकिन सूत्रों ने जानकारी के लिए जो तथ्य प्रस्तुत किए हैं वह यह बताता है कि जिले में जुआ बड़े पैमाने पर खिलाया जा रहा है और जुआड़ियों को पुलिस का कोई खौफ नहीं है। कोरिया जिले का पटना पुलिस थाना क्षेत्र पहले से ही जुआ का गढ़ बना हुआ था और कई बार खबर प्रकाशन के बाद छोटी मोटी कार्यवाही हुई भी वहीं बड़ी कार्यवाही भी बाहर की टीम ने की लेकिन स्थानीय पुलिस का जुआ फड़ संचालकों को कोई खौफ नहीं है या फिर सबकुछ मिलीभगत से चल रहा है। पटना सहित सिटी कोतवाली में चल रहे जुआ फड़ को लेकर सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि संचालक महिला आरक्षक का पति है जो जुआ में हारने वालों की गाड़ियां भी गिरवी रखता है और उन्हें फिर पैसा देकर जुआ खेलने प्रेरित करता है।

### पटना के चार व बैकुंठपुर थाने के दो व साइबर के एक आरक्षक के भरोसे चल रहा है जुआ फड ?

पटना थाने के चार,बैकुंठपुर सिटी कोतवाली के दो और साइबर सेल के दो आरक्षकों के भरोसे जुआ फड़ संचालित हो रहा है जिले में ऐसा सूत्रों का दावा है।



### पुलिस वाले सभी आरोपियों का नंबर सर्विलांस में डालते हैं पुलिस वाले का नंबर सर्विलांस में कौन डालेगा ?

पुलिस अपराधियों का आरोपियों का आदतन लोगों का मोबाइल नंबर सर्विलांस पर डालती है वहीं अब जब पुलिस ही अपराधियों के साथ संलिप्त हो और ऐसी सूचना मिल रही हो तो उनका नंबर कौन सर्विलांस पर डालेगा? पुलिस कर्मियों की शिकायतों पर ऐसे में कोई कार्यवाही ही नहीं हो सकेगी,वैसे पुलिस की बात करें तो इस मामले में जांच होने पर कई पुलिसकर्मीयो के नाम सामने आयेगे ऐसा बताया जा रहा है सूत्रों द्वारा।

### पुलिस की स्थापना सामाजिक बुराई रोकने के लिए हुई है या फिर बढ़ाने के लिए ?

जिस तरह सूत्रों का दावा है कि जुआ फड़ संचालन के एवज में पुलिसकर्मी हिस्सा ले रहे हैं महिला पुलिसकर्मी का पति जुआ फड़ संचालन कर रहा है ऐसे में सवाल यह उठता है कि पुलिस विभाग की स्थापना सामाजिक बुराई मिटाने के लिए हुई है या बढ़ाने के लिए? जिले में मिल रही सूचना जुआ संबंध की यही बता रही है कि कहीं न कहीं जुआ फड़ संचालन की सहमति पुलिसकर्मी ही प्रदान कर रहे हैं और हिस्सा ले रहे हैं।

### पुलिस विभाग के ही लोग अवैध कारोबार को दे रहे हैं बढ़ावा सिर्फ रिश्वत के लिए ?

पुलिस विभाग के ही लोग अवैध कारोबार को बढ़ावा दे रहे हैं ऐसा देखने सुनने को मिल रहा है, पुलिसकर्मी कुछ रिश्वत के लिए अपने फर्ज से समझौता कर रहे हैं ऐसा माना जा सकता है। वैसे यह समाज के लिए अच्छा संदेश नहीं है।

### कोरिया के कई आरक्षकों की जुआ फड़ संचालित करने में भूमिका है

कोरिया जिले में जुआ फड़ का संचालन लगातार हो रहा है, जुआ फड़ संचालन में कोरिया जिले के ही कुछ आरक्षकों का हांथ है ऐसी भी सूचना लगातार मिल रही है। ऐसे में कुछ आरक्षकों की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता कि वह जुआ फड़ के संचालन में बराबर हिस्सेदारी रख रहे हैं और वह उसके एवज में हिस्सा लेकर संचालक को संरक्षण प्रदान कर रहे हैं।

## जिले में हुई जमकर ओलावृष्टि

## सूरजपुर में बदला मौसम का मिजाजः10 मिनट की बर्फबारी से सफेद चादर में लिपटा शहर

-संवाददाता-
सुरजपुर,22 मार्च 2025 (घटती-घटना)।
मौसम ने आज ऐसा करवट बदला कि पूरा शहर एक अनोखे नजारे का गवाह बन गया। अचानक बादल घिर आए, ठंडी हवाएं चलने लगीं, और फिर शुरू हुआ बारिश का सिलसिला। लेकिन यह केवल बारिश तक सीमित नहीं रहा–कुछ ही पलों में आसमान से बर्फ के छोटे-छोटे टुकड़े गिरने लगे। सूरजपुर में यह नजारा बेहद दुर्लभ था, जिसे देखकर लोग हैरान रह गए।

करीब 10 मिनट तक चली इस हल्की बर्फबारी ने मानो पूरे सूरजपुर को सफेद चादर में ढक दिया। सड़कों, छतों, और पेड़ों पर जमी सफेद परत ने शहर को किसी हिल स्टेशन जैसा रूप दे दिया। मौसम का यह अनोखा रंग देखते ही बन रहा था। जहां एक तरफ बारिश की बूंदें सुकून दे रही थीं, वहीं बर्फ की हल्की फुहार ने माहौल को और भी रोमांचक बना दिया।



### मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक आंधी चलने, गरज-चमक के साथ बिजली व ओला गिरने का अलर्ट जारी किया है. वहीं जिले में हल्की बारिश की संभावना है. मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी भारत में सक्रिय है. ऐसे में झारखंड के ऊपर एक ऊपरी चक्रवर्ती हवा का परिसंचरण हो रहा है, जिसके प्रभाव से अब आने वाले एक दो दिन गरज चमक के साथ ओलावृष्टि की संभावना जताई जा रही है.

### लोगों में उत्साह,बच्चों की मस्ती

मौसम के इस बदले रंग ने सूरजपुर के लोगों को रोमांचित कर दिया। बच्चे घरों से बाहर निकल आए और बर्फ के छोटे-छोटे टुकड़ों को पकड़ने की कोशिश करने लगे। वहीं, कुछ लोग अपने मोबाइल कैमरों में इस यादगार नजारे को कैद करने में जुटे रहे। सोशल मीडिया पर सूरजपुर की यह अनोखी बर्फबारी देखते ही देखते वायरल होने लगी।

### व्यापारियों और किसानों पर प्रभाव

हालांकि, इस बेमौसम बारिश और हल्की बर्फबारी ने व्यापारियों और किसानों की चिंता भी बढ़ा दी। बाजारों में सड़कों पर पानी भर गया, जिससे दुकानदारों को दिक्कतें हुईं। दूसरी ओर, खेतों में खड़ी फसलें भीगने से किसानों की परेशानी बढ़ सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले 24 घंटे में फिर से हल्की बारिश की संभावना जताई गई है।

### सूरजपुर का अनोखा मौसम बना चर्चा का विषय

सूरजपुर जैसे जिले में इस तरह की बर्फबारी का होना बेहद दुर्लभ घटना मानी जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई दशकों में पहली बार ऐसा नजारा देखने को मिला। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ और ठंडी हवाओं के मेल से इस तरह की परिस्थिति बनी, जिसने सूरजपुर को कुछ समय के लिए हिमालयी शहरों जैसा अनुभव करा दिया। आज सूरजपुर के लोगों ने मौसम का जो अद्भुत खेल देखा, वह लंबे समय तक याद रखा जाएगा। जहां एक ओर बारिश और बर्फबारी ने शहर को एक अलग ही रूप में पेश किया, वहीं इस अप्रत्याशित बदलाव ने सभी को हैरान भी कर दिया। मौसम चाहे जैसा भी हो, लेकिन इतना तो तय है कि सूरजपुर के लोग आज के इस नजारे को कभी नहीं भूलेंगे!

## सचिवों को सरकार का अल्टीमेटम 24 घंटे में काम पर लौटने का आदेश

**सचिवों ने आदेश की प्रतियां जलाकर जताया विरोध**



-संवाददाता-
सुरजपुर,22 मार्च 2025 (घटती-घटना)।
प्रदेश के समस्त पंचायत सचिव 17 मार्च से शासकीयकरण की मांग को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर है जीसके कारण ग्राम पंचायत के कई कार्य प्रभावित हो रहे हैं। पंचायत संचालनालय छत्तीसगढ़ ने प्रदेश के सभी जिला पंचायत में पत्र प्रेषित कर आदेश दिया है की सचिवों को 24 घंटे के भीतर हड़ताल समाप्त करने के निर्देश जारी करें निर्देश के पालन न करने पर हड़ताली सचिवों के खिलाफ अनुशासनात्मक करवाई की चेतावनी दी गई है।

सरकारी आदेश से नाराज सचिवों ने आदेश की प्रतियों को जलाकर विरोध प्रदर्शन किया सचिवों ने सरकार पर दमनकारी नीति अपनाने का आरोप लगाया,और आगे भी प्रदर्शन जारी रखने का ऐलान किया है। सचिव संघ के जिला अध्यक्ष इंद्रपाल तिवारी जिला सचिव वीरेंद्र कुशवाहा ब्लॉक अध्यक्ष मटुकधारी कुशवाहा ने कहा कि सचिवों का शासन से शासकीयकरण की मांग मुख्य है,चुनाव के समय मोदी की गारंटी में थी,लेकिन सरकार बनने के 17 महीने बीत जाने के बाद भी उस गारंटी पर अमल नहीं हो रहा है,जिसके कारण सचिवों में नाराजगी है और नाराज सचिव सरकार से आर पार की लड़ाई के मूड में हैं।

## एसईसीएल के सहक्षेत्र कटकोना कालरी क्षेत्र में लगे नीलगिरी के पेड़ किसकी अनुमति से काट रहे हैं लकड़ी माफिया ?

**क्या सहक्षेत्र प्रबंधक को इस बात की नहीं है जानकारी या फिर उनकी सहमति से कट रहा है पेड़?,100 से अधिक पेड़ों की हुई कटाई...सहक्षेत्र प्रबंधन कैसे हैं अनजान?**





-रवि सिंह-
बैकुंठपुर/कटकोना,22 मार्च 2025 (घटती-घटना)।
कई सालों पूर्व एसईसीएल कालरी क्षेत्र कटकोना के तालाब पर प्लांटेशन के तहत नीलगिरी के पेड़ लगाए गए थे जिसे लकड़ी माफिया काट कर ले जा रहे हैं। क्या सहक्षेत्र प्रबंधक को इस बात की नहीं है जानकारी या फिर उनकी सहमति से कट रहा है पेड़? बिना सहमति के पेड़ काटना चोरी है या फिर नियम से हो रही कटाई? नीलगिरी के पेड़ की कटाई को लेकर जिला प्रशासन ने बांध लिया है अपने आंख पर पट्टी माफिया की है बल्ले बल्ले, 100 से अधिक पेड़ों की हुई कटाई...सहक्षेत्र प्रबंधन कैसे हैं अनजान? कोरिया जिले में लकड़ी माफियाओं की बल्ले बल्ले हो चुकी है और एक तरफ जिला प्रशासन जहां मौन साधे बैठा है वहीं अब एसईसीएल भी मौन धारण कर अपने क्षेत्र जो वन क्षेत्र है से नीलगिरी के पेड़ों की कटाई पर मौन है।

बता दें कि कोरिया जिले के एसईसीएल क्षेत्र बैकुंठपुर के कटकोना सहक्षेत्र से अब लकड़ी माफिया नीलगिरी के पेड़ काटकर ले जा रहे हैं जो प्लांटेशन के तहत लगाए गए पेड़ थे वहीं ध्यान यह भी दिए जाने योग्य बात है कि वह क्षेत्र वन क्षेत्र भी है। अब क्या एसईसीएल का कटकोना सहक्षेत्र प्रबंधन नीलगिरी के पेड़ों की कटाई की अनुमति प्रदान कर रहा है या लकड़ी माफिया बिना अनुमति लकड़ी काटकर ले जा रहे हैं। वैसे प्लांटेशन के पेड़ों की कटाई समझ से परे है। कटकोना के तालाब पर वर्षों पूर्व लगाए गए प्लांटेशन के तहत के नीलगिरी के पेड़ों की कटाई अब लकड़ी माफिया कर रहे हैं और 100 से अधिक पेड़ों की कटाई हो चुकी है। वैसे सहक्षेत्र प्रबंधक अनजान हैं ऐसा मानना गलत होगा क्योंकि उनकी ही नजरों को सामने से पेड़ो की कटाई हो रही हो सैकड़ों पेड़ो की कटाई हो रही हो और वह अनजान हो यह मानना जरा सही नहीं लगता। वैसे वन विभाग भी क्या सहमति प्रदान कर चुका है वन क्षेत्र में लकड़ी माफियाओं को वन क्षेत्र में पेड़ो की कटाई की यह भी सवाल खड़ा हो रहा है।कुल मिलाकर सभी जिम्मेदारों ने लगता है अपनी आंखों पर पट्टी बांध लिया है और लकड़ी माफिया अपनी मनमानी कर रहे हैं।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. /अ-2/2024-25

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शोभा चौधरी पति दिनेश कुमार सिंह जाति कुर्मी निवासी नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0 खसरा नंबर 543/62 रकबा 0.024 हे0 भूमि को कृषि भिन्न व्यवयायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा,नक्शा,भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र,रजिस्ट्री की प्रति, आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि दिनांक 06/04/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निधारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 21/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. /अ-2/2024-25

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शोभा चौधरी पति दिनेश कुमार सिंह जाति कुर्मी निवासी नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छ0ग0 खसरा नंबर 543/27 रकबा 0.020 हे0 भूमि को कृषि भिन्न व्यवयायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा,नक्शा,भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र,रजिस्ट्री की प्रति, आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि दिनांक 06/04/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निधारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 21/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर

# क्या कोरिया सीएमएचओ साहब सोनहत के रिश्वतखोर कर्मचारियों को बचाने के लिए झोंक दिए हैं पूरी ताकत?


### आखिर सीएमएचओ साहब शिवम के परिवार के किस सदस्य पर मोहित हो गए हैं कि उसके लिए वह बचाने पूरा प्रयास कर रहे हैं:सूत्र

### संविदा में सेवा समाप्त करने के जगह पोड़ी बचरा भेजने की हो रही है तैयारी,इसे बचाने का प्रयास न माने तो क्या माने?


### जांच सिर्फ बहाना है 5 लाख से अधिक वसूली करने वाले रिश्वतखोर को तो बचाना है...क्या इसलिए जांच रिपोर्ट में की जा रही है लेट-लतीफी?

### सोनहत ब्लॉक के रिश्वतखोर शिवम गौतम पर अवैध वसूली का आरोप, स्वास्थ्य कर्मचारियों में आक्रोश



| S.No. | Name | Posting place | online | offline | total |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Arpana | Odari | 23,000/- | 00/- | 23,000/- |
| 2. | Reema | Pusla | 48.500/- | 00/- | 48.500/- |
| 3. | Satyadeep | Rajauli | 73.500/- | 00/- | 73.500/- |
| 4. | Gayatri | Kushha | 34.500 | 00/- | 34.500/- |
| 5. | Saroj | Salgawakala | 20,000/- | 25.000/- | 45,000/- |
| 6. | Anita | Bolija | 30.500/- | 00 | 30.500/- |
| 7. | Pramila | Bundeipur | 16500/- | 00 | 16500/- |
| 8. | Premlata | Kushmaha | 22.500/- | 00/- | 22.500/- |
| 9. | Lata Kumari | Akhlasarai | 6.000/- | 00/- | 6.000/- |
| 10 | Prem Kumari | Belard | 24000/- | 00/- | 24.000/- |
| 11 | Archana | Naugai | 67,500/- | 00/- | 67,500/- |
| 12 | Radhika | Damuj | 30.000/- | 22.000/- | 52.000/- |
| 13. | Bhagyawati | Keshgawa | 26.000/- | 00/- | 26,000/- |
| 14. | Monika | [illegible] | 36000/- | 00 | 36000 |
| | Arpana - Reema - Satyadeep - Gayatri - Saroj - | Anita - Pramila - Premlata - Lata Kumari - Prem Kumari - | | Archana - Radhika - Bhaggawati - Monika. | |




-रवि सिंह-
कोरिया/सोनहत,22 मार्च 2025
(घटती-घटना)।


कोरिया जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की दिलचस्पी रिश्वतखोर कर्मचारियों को बचाने में कुछ ज्यादा देखी जा रही है,अब सवाल यह उठता है कि आखिर यह दिलचस्पी क्यों है और इसकी वजह क्या है? आखिर रिश्वतखोर कर्मचारियों के परिवार के किस सदस्य पर वह मोहित हो गए हैं कि कार्यवाही से वह शिवम गौतम को बचाने का पूरा प्रयास कर रहे हैं? जबकि जिले के सोनहत ब्लॉक में पदस्थ विकासखंड डाटा प्रबंधक शिवम गौतम पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों से 5,11,000 (पांच लाख ग्यारह हजार रुपये) की अवैध वसूली का गंभीर आरोप लगा है। कर्मचारियों का कहना है कि पिछले 3-4 वर्षों से कार्य आधारित वेतन के बदले उनसे जबरन पैसे लिए जा रहे हैं। लोगों को बिना काम के प्रोत्साहन राशि देने के अवेज में 65 प्रतिशत खुद शिवम गौतम रखता था और 35 प्रतिशत जिसके नाम से जारी होता था उसे मिलता था,


फाईल फोटो

अब इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि गौतम शासकीय पैसे का कितना दुरुपयोग करता था और साथ ही कर्मचारियों को एक बिना काम किए ही प्रोत्साहन राशि देने का आदत लगा दिया था, कर्मचारी बिना काम के ही 35 प्रतिशत राशि पा रहे थे और उनके आड़ में शिवम 65 प्रतिशत राशि खुद डकारता था आज यह बात जब खुल चुकी है तो जांच करने वाले जिम्मेदार भी अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से नहीं निभा पा रहे हैं, जहां इस कर्मचारी पर सारे प्रमाणित दस्तावेज होने के बावजूद भी कार्यवाही में विलंब हो रहा है, जांच टीम गठित की गई है और सूत्रों का यह भी दावा है कि उसे सोनहत से हटाकर पोड़ी बचरा कर दिया जाएगा,ताकि मामले से लोगों का ध्यान हटे और उसकी नौकरी बच जाए पर सवाल यह उठता है कि संविदा नौकरी में जहां कार्यवाही का प्रावधान है ना की ट्रांसफर का फिर यह प्रक्रिया क्यों अपनाई जा रही है यह भी बड़ा सवाल है? मामला विभागीय के साथ आपराधिक भी है पर अभी तक विभाग उसे बचाने पर ही काम करता दिख रहा है, इसमें सबसे अधिक यदि कोई उस कर्मचारि को बचाना चाह रहा है तो वह है कोरिया जिले की सीएमएचओ साहब आखिर इसकी वजह क्या है? क्या शिवम की बहन उनके साथ काम करती थी इस वजह से वह उसके प्रभाव में उसे बचाना चाह रहे हैं या फिर किसी भाजपा नेता या विधायक का दबाव है?


संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन
घटती घटना
सूरजपुर-कोरबा-सरगुजा-समाचार
अम्बिकापुर,शनिवार 22 मार्च 2025
6

क्या खबर नहीं छपती तो जांच भी नहीं शुरू होती...
किसके दबाव में है कोरिया के सीएमएचओ साहब?




### सीएमएचओ पर भी उठे सवाल,कर्मचारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

स्वास्थ्य कर्मियों का आरोप है कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह इस मामले में शिवम गौतम को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार,आरोपी को पोड़ी बचरा स्थानांतरित करने की तैयारी कर रहे हैं ताकि मामला ठंडा पड़ जाए। इस फैसले का विरोध करते हुए संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। उनका कहना है कि अगर आरोपी को हटाने के बजाय सिर्फ स्थानांतरित किया गया,तो वे सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे।

### गौतम परिवार के किस सदस्य पर मोहित है सीएमएचओ?

सीएमएचओ गौतम परिवार के किसी सदस्य पर मोहित है, शिवम गौतम के छोटे भाई को अब जिला अस्पताल में आपातकालीन चिकित्सा में ड्रेसर के पद पर तैनात करवा दिया है तो शिवम को बचाने में उन्होंने एड़ी चोटी का जोर लगा रखा है।

### स्वास्थ्य संघ ने की निष्पक्ष जांच और वसूली गई राशि की वापसी की मांग

इस पूरे मामले की शिकायत प्रदेश अध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार को दी गई है, जिसमें कर्मचारियों ने निष्पक्ष जांच और अवैध वसूली की गई राशि को वापस दिलाने की मांग की है। शिकायत में बताया गया है कि शिवम गौतम द्वारा विभिन्न सीएचओ से अवैध वसूली की गई, जिसमें अर्पणा, रीमा, सत्यदीप, गायत्री, सरोज, अनीता, प्रमिला, प्रेमलता, राधिका, भाग्यवती और मोनिका समेत अन्य कर्मचारियों के नाम शामिल हैं। स्वास्थ्य कर्मचारियों का कहना है कि यदि शिवम गौतम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की गई, तो वे मजबूर होकर बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है।

### विकासखंड डाटा प्रबंधक पर अवैध वसूली का आरोप, जांच समिति के समक्ष पेश होंगे साक्ष्य, मामले को पुलिस में दिए जाने की उठी मांग

कोरिया जिले के विकासखंड सोनहत के डाटा प्रबंधक (संविदा) शिवम गौतम पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों से अवैध वसूली करने का गंभीर आरोप लगा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने 21 मार्च 2025 को नया पत्र जारी कर इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की मांग करते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की थी। स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के अनुसार,शिवम गौतम सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को नौकरी से निकालने और उनकी गोपनीय रिपोर्ट (सीआर/एपीएआर) खराब करने की धमकी देकर प्रोत्साहन राशि जारी करने के एवज में अवैध वसूली कर रहे थे। संघ ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए दिनांक 5 मार्च 2025 को शिकायत दर्ज कराई थी और दोषी अधिकारी के निलंबन एवं संविदा समाप्ति की मांग की थी। जांच के लिए गठित समिति ने इस मामले में संघ को साक्ष्य एवं गवाह प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। हालांकि, संघ के प्रतिनिधि निजी कारणों से उपस्थित नहीं हो सके, लेकिन उनकी ओर से आज शुक्रवार को श्री अविनाश तिग्गा (प्रांतीय महासचिव, सीएचओ प्रकोष्ठ) को अधिकृत किया गया है, जो जांच समिति के समक्ष साक्ष्य प्रस्तुत किया है।

### जांच समिति को सौंपे गए महत्वपूर्ण साक्ष्य

संघ के अनुसार, जांच समिति को कई महत्वपूर्ण साक्ष्य सौंपे गए जिनमें ऑडियो/वीडियो क्लिप (जिसमें अवैध वसूली की बातचीत रिकॉर्ड है), ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के स्क्रीनशॉट (जिसमें धनराशि के लेन-देन के सबूत हैं) गवाहों के बयान (ब्लॉक सोनहत के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी) संघ ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर शिवम गौतम की संविदा समाप्त की जाए और खंड चिकित्सा अधिकारी को निलंबित किया जाए।

### स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप,पुलिस जांच की भी उठी मांग

इस घटना के सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। संघ ने इस प्रकरण में पुलिस से भी जांच की मांग की है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि क्या अवैध वसूली के पीछे कोई बड़ा नेटवर्क तो नहीं जुड़ा है। इस मामले में आगे क्या कार्रवाई होती है,यह जांच समिति की रिपोर्ट और स्वास्थ्य विभाग के निर्णय पर निर्भर करेगा।

# 138 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में,आज से हुआ नव दाम्पत्य जीवन की शुरुआत

### स्वास्थ्य मंत्री ने फूलों की वर्षा कर दी बधाई और दिया आशीर्वाद

### मुख्यमंत्री का संदेश लेकर आपके पास आया हूँ:श्याम बिहारी जायसवाल,खचाखच भरे लाल बहादुर स्टेडियम के बीच 138 जोड़ों के जीवन में अब आयेगी बहार,आज शुरू हुआ एक नया अध्याय

-संवाददाता-
एमसीबी,22 मार्च 2025
(घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आज चिरमिरी के गोदरी पारा लाल बहादुर स्टेडियम में 138 जोड़ों का विवाह हिन्दू रीति रिवाज से संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और विशिष्ट अतिथि के तौर पर नगर पालिक निगम चिरमिरी के महापौर राम नरेश राय, संतोष सिंह सभापति नगर पालिक निगम चिरमिरी, श्रीमती प्रतिमा यादव, अध्यक्ष नगर पालिका मनेंद्रगढ़, श्रीमती श्याम बाई मरकाम, अध्यक्ष जनपद पंचायत खड़गवां, श्रीमती ललिता रामा यादव,अध्यक्ष नगर पंचायत खोगापानी, वीरेंद्र सिंह राणा अध्यक्ष, नगर पंचायत लेदरी शामिल हुए।






विदित हो कि 138 जोड़ों को विवाह बंधन के रस्मों में बाधने हिन्दू रीति रिवाज और ब्रह् वाक्य से मात्रोचार का दौर चलता रहा जिसमें 4-4 जोड़े में बैठे वर वधु रस्मों की अदायगी करते रहे और विवाह संपन्न होने के बाद अग्नि को साक्षी मानकर सात बार परिक्रमा और सात बचन की डोर का रिवाज भी संपन्न कराया गया। इसके साथ ही सिंदूर दान फिर मंगल सूत्र बांधकर 138 जोड़े पति - पत्नी रूप में एक दूजे के हो गए। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ सरकार इस सामूहिक विवाह के लिए 50000 की राशि प्रत्येक जोड़े के लिए उपलब्ध कराती है जिसमें विभाग द्वारा 7000 हजार रुपए में वर के लिए दूल्हे का कपड़ा, सेंडिल और वधु के लिए दुल्हन का श्रृंगार, मंगलसूत्र, सेंडिल, शादी का जोड़ा इत्यादि शामिल होता है वही 8000 रुपए में टेंट, घराती और बाराती के लिए भोजन व अन्य आवश्यक आकस्मिक कोष से खर्च किया जाता है तथा विवाह उपरांत नव दंपति को आगे अन्य जरूरत के समानों की खरीदी हेतु चेक के माध्यम से वधु यानि दुल्हन के खाते में 35000 हजार रूपये का भुगतान किया जाएगा। महिला बाल विकास विभाग अधिकारी ने बताया कि आज 138 जोड़ों में 70 जोड़े खड़गवां, मनेंद्रगढ़ से 34 और चिरमिरी से भी 34 जोड़े सामूहिक विवाह कार्यक्रम शामिल हुए है। कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्य अतिथि सभी नव जोड़ों को फूल की वर्षा कर शुभकामना, बधाई और सफल दाम्पत्य जीवन के लिए अपना आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की साय सरकार सब कुछ साय साय कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि जब एक जोड़े का शादी होता है तो मंडप गड़ने के एक दिन पहले से लेकर मड़वा उजड़ने तक सात से आठ दिनों तक लगे रहते है क्योंकि उस समय बहन, बेटी और रिश्तेदार सभी मंडप के एक दिन पहले ही आ जाते है। उन्होंने चौथी जैसे रिवाज का भी जिक्र कर कई खास बाते नव जोड़े को बताने के साथ कहा कि आज एक दिन में बारात भी, विवाह भी और विदाई भी वो भी एक साथ 138 जोड़े का, वाकई में सरकार की यह योजना मध्यम और गरीब परिवारों के लिए राहत भरा है। आज छत्तीसगढ़ में बेटियों को लेकर दुख व्यक्त करने का जो अभिशाप था वह खत्म हो चला है। छत्तीसगढ़ सरकार हमारी बेटियों को जन्म से ही शसक्त बनाने का काम कर रही है। महतारी बन्दन योजना सरकार की एक बड़ी सुशासन का परिचायक है, 1000 की माहवार राशि महिलाओं को आत्मनिर्भरता को ओर लेकर जा रही है। श्री जायसवाल ने आगे कहा कि सामूहिक विवाह की यह योजना पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह जी की दूरदर्शी सोच का नतीजा है, उन्होंने छत्तीसगढ़ के गरीब और मध्यम परिवारों के बीच बेटी के पैदा होने पर आने वाली समस्याओं को ध्यान में रखकर इस सामूहिक विवाह योजना की नींव रखी थी लेकिन पिछली कांग्रेस की सरकार में इतनी बड़ी योजना का दम निकल गया था, कही 10 तो कही 15 सामूहिक विवाह कर पूर्ववर्ती सरकार बचने का प्रयास की लेकिन शायद कांग्रेसी यह भूल गए कि यह योजना छत्तीसगढ़ के गरीब परिवारों की उम्मीद है। नव दाम्पत्य जीवन की शुरुआत है और आज 138 जोड़े एक नई पारी की शुरुआत करेंगे जिसमें बड़ी जिम्मेदारियों होगी, कड़ी चुनौतियां भी आएंगी लेकिन एक सुखमय परिवार, विकसित छत्तीसगढ़ की नींव रखेगा जो आप से है और ऐसा कहते हुए मंत्री जी ने एक बार फिर सभी नव जोड़ों को शुभकामनाएं बधाई दी। उक्त कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग एमसीबी की पूरी टीम सहित जिले के सभी नगरीय निकायों के एमआईसी,नव निर्वाचित पार्षद, एसडीएम चिरमिरी, सीएसपी चिरमिरी, युवा भाजपा के कार्यकर्ता, वर बधु के परिजन और भारी संख्या में सामूहिक विवाह में सम्मिलित हुए बाराती शामिल रहे।

# भारतीय एमएमए का अगला उभरता सितारा पूजा तोमर



**मुंबई,22 मार्च 2025।** पूजा तोमर एक भारतीय मिक्स्ड मार्शल आर्टिस्ट हैं, जो अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप में धूम मचा रही हैं। 9-4 के प्रभावशाली रिकॉर्ड के साथ, तोमर 22 मार्च, 2025 को लंदन, यूनाइटेड किंगडम के Ow एरिना में होने वाले FC फाइट नाइट 255 में शौना बैनन से भिड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। MMA में तोमर का सफ़र सुपर फाइट लीग और ONE चैंपियनशिप में उनके प्रदर्शन से शुरू हुआ। हालाँकि उन्हें कुछ असफलताओं का सामना करना पड़ा, जिसमें ONE चैंपियनशिप में 1-3 का रिकॉर्ड भी शामिल है, लेकिन तोमर ने 2021 से शुरू होने वाले पाँच-फाइट अपराजित स्ट्रीक के साथ वापसी की। साइक्लोन के प्रभावशाली प्रदर्शन ने उन्हें FC रोस्टर में जगह दिलाई, जहाँ उन्होंने रेयान डॉस सैंटोस के खिलाफ़ अपना डेब्यू किया, जिसमें विभाजित निर्णय से जीत हासिल की।

उत्तर प्रदेश के मुज़फ़्फ़रनगर के बुधाना गाँव की रहने वाली पूजा तोमर की मार्शल आर्ट की कला का हुनर कम उम्र से ही निखारा गया था, जिसकी परिणति राष्ट्रीय वुशु चैंपियन के रूप में उनके शासनकाल में हुई। अपने FC प्रयासों से परे,तोमर के प्रभावशाली कॉम्बैट स्पोर्ट्स रिज्यूमे में मैट्रिक्स फाइट नाइट और ONE चैम्पियनशिप जैसी प्रतिष्ठित लीग में भाग लेना शामिल है। पिछले साल UFC अनुबंध हासिल करने के बाद पूजा तोमर ने वैश्विक मंच पर एक शीर्ष भारतीय महिला फाइटर के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की। इंडोनेशिया के बाली में प्रसिद्ध सोमा फाइट क्लब में प्रशिक्षण लेने वाली तोमर - जिन्हें प्यार से द साइक्लोन के नाम से जाना जाता है - ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की,2013 में संगठन द्वारा पहली बार महिला डिवीजनों की शुरुआत करने के एक दशक से भी अधिक समय बाद FC में अपनी जीत दर्ज की। एक अनुभवी मार्शल आर्टिस्ट के रूप में, पूजा तोमर ने विश्व वुशु चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। 2013 में पेशेवर बनने वाली, पूर्व स्ट्रॉवेट चैंपियन ने एक बहुमुखी कौशल दिखाया, जिसमें ग्रैपलिंग में हील हुक और स्ट्राइकिंग में साइड किक का इस्तेमाल किया जाता है। पूजा तोमर का आगामी मुकाबला शौना बैनन के खिलाफ़ है, जिसमें दोनों फाइटर स्ट्रॉवेट डिवीजन में अपनी छाप छोड़ना चाहती हैं। आयरिश फाइटर बैनन का रिकॉर्ड 6-1 है और वह अपनी आक्रामक फाइटिंग स्टाइल के लिए जानी जाती हैं।

यह फाइट FC फाइट नाइट 255 इवेंट का हिस्सा है, जिसमें कई सारे कार्ड शामिल हैं, जिसमें लियोन एडवर्ड्स और सीन ब्रैडी के बीच मुख्य इवेंट शामिल है।

# सुनील नरेन के पास रिकॉर्ड तोड़ने का मौका

## पूरा कर सकते हैं छक्कों का शतक




**नई दिल्ली, 22 मार्च 2025।** सुनील नरेन कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए कई मौकों पर शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं। वे बॉलिंग के साथ-साथ विस्फोटक बैटिंग में भी माहिर हैं। सुनील आईपीएल 2025 में एक खास रिकॉर्ड बना सकते हैं। सीजन का पहला मैच कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेला जाएगा। सुनील इस मैच में छक्कों का शतक पूरा कर सकते हैं। दरअसल सुनील नरेन ने टूर्नामेंट में अभी तक 177 मैच खेले हैं। उन्होंने इस दौरान 1534 रन बनाए हैं। सुनील टूर्नामेंट में 97 छक्के लगा चुके हैं। अब महज 3 छक्के लगाते ही सैकड़ा पूरा कर लेंगे। अगर सुनील नरेन को प्लेइंग इलेवन में जगह मिली तो वे कमाल दिखा सकते हैं। वे आईपीएल में एक शतक और 7 अर्धशतक भी लगा चुके हैं. उन्होंने इस दौरान 164 चौके लगाए हैं।

## आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी

आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम दर्ज है। गेल ने 142 मैचों में 357 छक्के लगाए हैं। रोहित शर्मा दूसरे नंबर पर हैं। मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित ने 257 मैचों में 280 छक्के लगाए हैं। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाड़ी विराट कोहली ने 252 मैचों में 272 छक्के लगाए हैं।

## आरसीबी-केकेआर के बीच सीजन का पहला मैच

आईपीएल 2025 का पहला मैच बैंगलोर और कोलकाता के बीच खेला जाएगा। इस मुकाबले से पहले ईडन गार्डन्स में ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन हुआ। इसमें बॉलीवुड की दिग्गज श्रेया घोषाल और दिशा पाटनी परफॉर्म हुआ। केकेआर इस सीजन में अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में खेलेगी जबकि रजत पाटीदार आरसीबी के कप्तान हैं। अगर हेड टू हेड रिकॉर्ड को देखें तो केकेआर का पलड़ा भारी है। उसने 34 मैच में से 20 मैच जीते हैं. जबकि आरसीबी को 14 मैचों में सफलता हाथ लगी है। अब दोनों टीमें एक बार फिर से एक-दूसरे के खिलाफ मैदान पर होंगी।

# नए नियम और कप्तान,रोमांच होगा दोगुना




**नई दिल्ली, 22 मार्च 2025।** आईपीएल 2025 में क्रिकेट के माहौल में कुछ बड़े बदलाव किए गए हैं, जो इस सीजन को और भी रोमांचक बना सकते हैं। इस बार तीन नए नियम लागू किए गए हैं, जो टीमों की रणनीति को प्रभावित करेंगे। साथ ही, सात नए कप्तान भी मैदान पर उतरने के लिए तैयार हैं, और उनकी कप्तानी पर सभी की निगाहें होंगी।

## नया नियम 1: सुपर सब्सटीट्यूट

इस सीजन में एक नया नियम लागू किया गया है, जिसमें किसी भी खिलाड़ी को मैच के दौरान एक सुपर सब्सटीट्यूट के रूप में बदला जा सकता है। यह बदलाव टीम को अपनी रणनीति के अनुसार खिलाड़ी का चयन करने का अवसर देगा। टीम मैनेजमेंट के लिए यह एक बड़ी चुनौती हो सकती है, क्योंकि सही समय पर सब्सटीट्यूट का इस्तेमाल करना मैच के परिणाम को प्रभावित कर सकता है।

इस बार आईपीएल में हर टीम को 18 ओवर फेंकने की अनुमति दी जाएगी, जिससे तेज गेंदबाजों को अधिक मौके मिलेंगे और बैटर्स को भी अधिक शॉट्स खेलने का अवसर मिलेगा। यह बदलाव मैचों को और अधिक रोमांचक बनाएगा और दोनों टीमों को नए तरीके से खेल खेलने के लिए प्रेरित करेगा।

इस सीजन से फील्ड प्लेसमेंट में भी बदलाव किए गए हैं, जिसमें गेंदबाजों को अधिक लचीलापन मिलेगा। अब वे अपनी पसंद के हिसाब से 5 फील्डरों को बाहर रख सकते हैं, जिससे उन्हें गेंदबाजी में अधिक आक्रमकता दिखाने का मौका मिलेगा। यह बदलाव बल्लेबाजों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है, खासकर जब गेंदबाज अपनी गेंदबाजी में विविधता लाएंगे।

## नए कप्तान और उनकी भूमिका

आईपीएल 2025 में सात नए कप्तान अपनी टीमों की अगुवाई करेंगे। इन कप्तानों की नेतृत्व क्षमता पर सबकी नजरें होंगी, क्योंकि वे टीम को जीत दिलाने के लिए नई रणनीतियों को अपनाएंगे। इसमें कुछ नए और युवा कप्तान भी होंगे, जो इस लीग में अपना पहला कदम रख रहे हैं।

## निष्कर्ष

आईपीएल 2025 के इन नए नियमों और नए कप्तानों के साथ यह सीजन क्रिकेट प्रेमियों के लिए और भी रोमांचक होने वाला है। यह बदलाव न केवल खिलाड़ियों के लिए चुनौती होंगे, बल्कि दर्शकों को भी नए तरीकों से क्रिकेट का आनंद लेने का अवसर मिलेगा।



# क्या क्रिस गेल का सर्वोच्च रन रिकॉर्ड टूटेगा?

**नई दिल्ली,22 मार्च 2025।** आईपीएल 2025 का सीज़न क्रिकेट जगत में कई नई उपलब्धियों और रिकॉर्ड्स का गवाह बनने वाला है। आईपीएल में अपनी तूफानी बैटिंग के लिए मशहूर क्रिस गेल का सर्वोच्च रन बनाने का रिकॉर्ड अब तक कायम है, लेकिन इस बार वह रिकॉर्ड टूट सकता है। रोहित शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ी के पास भी इस सीज़न में अपनी उपलब्धियों को और बढ़ाने का शानदार मौका होगा। आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड फिलहाल क्रिस गेल के नाम है, जिन्होंने 2013 सीज़न में 175 रन की शानदार पारी खेली थी। उनके नाम अब तक 6000 से अधिक रन हैं, और उनका यह रिकॉर्ड लगातार अजेय बना हुआ है। हालांकि, आईपीएल 2025 में नए खिलाड़ियों की तगड़ी फॉर्म और विस्फोटक बल्लेबाजी इसे चुनौती दे सकती है।

रोहित शर्मा, जो आईपीएल के सबसे सफल कप्तानों में से एक हैं, इस बार अपने बल्लेबाजी रिकॉर्ड को और बढ़ाने के लिए तैयार हैं। रोहित ने अब तक 5000 से अधिक रन बनाए हैं और इस सीज़न में यदि वह अपनी पूरी क्षमता से खेलते हैं, तो वह भी गेल के रिकॉर्ड को चुनौती दे सकते हैं। उनकी बल्लेबाजी के दौरान कई बड़े शॉट्स और ठोस पारियां उनकी टीम को आगे बढ़ाने में मदद कर सकती हैं। आईपीएल 2025 में नए युवा सितारे और कुछ पुराने दिग्गज खिलाड़ी ऐसे हैं, जो बड़े रिकॉर्ड्स को तोड़ने की क्षमता रखते हैं। फाफ डु प्लेसी, विराट कोहली और केएल राहुल जैसे खिलाड़ियों के पास भी यह मौका होगा। इन खिलाड़ियों की फॉर्म इस बार सीज़न में नए कीर्तिमान स्थापित कर सकती है। आईपीएल 2025 में क्रिस गेल के सर्वोच्च रन रिकॉर्ड को चुनौती देने के लिए रोहित शर्मा और अन्य दिग्गज तैयार हैं।

# राष्ट्रीय पैरा फेंसिंग चैंपियनशिप 2025 भुवनेश्वर में आयोजित की जाएगी




**भुवनेश्वर,22 मार्च 2025।** राष्ट्रीय पैरा फेंसिंग चैंपियनशिप 2025 का आयोजन 28 से 31 मार्च तक भुवनेश्वर में किया जाएगा। पीएसएओ की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, यह प्रतिष्ठित आयोजन बीजू पटनायक इंडोर स्टेडियम, नीलाद्री विहार और कलिंगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा, जिसमें देश भर के शीर्ष पैरा फेंसर हिस्सा लेंगे। पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया (पीसीआई) के तत्वावधान में पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ ओडिशा (पीएसएओ) द्वारा आयोजित और ओडिशा सरकार के खेल एवं युवा सेवा विभाग द्वारा समर्थित इस चैंपियनशिप में 25 से अधिक राज्यों और 20 अतिरिक्त टीमों के भाग लेने की उम्मीद है, जिसमें लगभग 200 खिलाड़ी शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

पीएसएओ के अध्यक्ष कमला कांत रथ ने आगामी आयोजन के लिए अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, ÷हम भुवनेश्वर में राष्ट्रीय पैरा फेंसिंग चैंपियनशिप की मेजबानी करके रोमांचित हैं। यह आयोजन न केवल हमारे पैरा-एथलीटों की असाधारण प्रतिभा को उजागर करेगा, बल्कि खेल विकास के लिए ओडिशा की दृढ़ प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करेगा। हम इन उल्लेखनीय एथलीटों के लिए उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक प्रेरक माहौल बनाने की आशा करते हैं, जैसा कि पीएसएओ द्वारा जारी एक विज्ञप्ति से उद्धृत किया गया है।

ओडिशा के पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव और भारतीय पैरालंपिक समिति के कोषाध्यक्ष सुनील प्रधान ने इस आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला, ÷पैरा फेंसिंग एक ऐसा खेल है जिसके लिए अपार कौशल, चपलता और दृढ़ संकल्प की आवश्यकता होती है। यह चैंपियनशिप खेलों में समावेशिता को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम है, और हमें पैरा-एथलीटों को अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने और देश भर में दूसरों को प्रेरित करने के लिए एक मंच प्रदान करने पर गर्व है।

# दीक्षा ने एक और बेहतरीन राउंड लगाया


## छठे स्थान पर रही प्रणवी,अवनि 19 वें स्थान पर



**वॉलोन्गॉन्ग,22 मार्च 2025।** दीक्षा डागर ने वॉलोन्गॉन्ग गोल्फ क्लब में फोर्ड महिला ओपन के दूसरे राउंड के बाद 3-अंडर 68 का एक और अच्छा राउंड जोड़ा और 7-अंडर पर पहुंच गईं। दीक्षा जो पहले राउंड के बाद संयुक्त चौथे स्थान पर थीं, अब संयुक्त छठे स्थान पर हैं क्योंकि सारा कौसकोवा (67-63) ने इंग्लैंड की मिमी रोड्स (68-62) के साथ मिलकर संयुक्त बढ़त हासिल कर ली है। एलईटी की एक विज्ञप्ति के अनुसार, नेता 12-अंडर पर थे और दीक्षा से पांच आगे थे। दूसरे राउंड के ठोस कार्ड के साथ कट बनाने वाली प्रणवी उर्स (71-68) और रूकी अवनी प्रशांत (72-67) भी थीं। 36 होल के लिए 3-अंडर पर वे संयुक्त 19वें स्थान पर थीं। दीक्षा ने पहले दिन बर्डी के साथ शुरुआत की, लेकिन लगातार दूसरे दिन पांचवें पर एक शॉट गिरा दिया। उसने सातवें पर बर्डी के साथ भरपाई की, लेकिन दो राउंड में दूसरी बार पार-5 नौवें पर एक शॉट गिरा दिया। दीक्षा ने एक बार फिर बैक पर स्कोरिंग का भरपूर फायदा उठाया और 13वें, 17वें और 18वें होल पर तीन बर्डी लगाई और कोई बोगी नहीं की और 68 का स्कोर किया।

एक ऐसे कोर्स पर जहां बैक नाइन नौवें होल पर शुरू होता है, प्रणवी ने बर्डी से शुरुआत की और 14वें, 16वें और 17वें होल पर और बर्डी लगाईं। कोई और बर्डी नहीं थी और उसने सातवें होल पर एक शॉट गिराकर 68 का स्कोर किया। अवनी, जिसने शौकिया तौर पर अपने होम टूर, हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर और एलईटीएएस पर प्रो खिताब जीते हैं, ने फ्रंट नाइन पर बर्डी-बर्डी की शुरुआत की और नौवें, 10वें, 13वें, 15वें और 16वें होल पर और बर्डी लगाईं, लेकिन बोगी के साथ समाप्त हुई। उसने पहले अपने 67 के चौथे और पांचवें होल पर शॉट गिराए थे।

मिमी और सारा दोनों ने अपने करियर के सबसे कम राउंड खेले, लेकिन दूसरा राउंड अभी पूरा नहीं हुआ था क्योंकि न्यू साउथ वेल्स में अंधेरा छाने के कारण 10 खिलाड़ी अभी भी खेल खत्म करने के लिए बचे हुए थे। रोड्स के लिए यह यादगार दौर था, जिसमें उन्होंने 10 बर्डी लगाकर कोर्स रिकॉर्ड 62 का स्कोर बनाया।



# फिटनेस मंत्र, जिससे बरकरार है परफेक्ट फिगर

बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा शिल्पा शेट्टी अपनी शानदार फिटनेस और स्लिम फिगर के लिए मशहूर हैं। 49 की उम्र में भी वह इतनी फिट और एक्टिव हैं कि नई जनरेशन की एक्ट्रेसेस को भी कड़ी टक्कर देती हैं।

शिल्पा न सिर्फ योगा और एक्सरसाइज को अपनी दिनचर्या का अहम हिस्सा मानती हैं, बल्कि वह अपनी डाइट पर भी खास ध्यान देती हैं। उनका मानना है कि सिर्फ एक्सरसाइज ही नहीं, बल्कि हेल्दी लाइफस्टाइल और बैलेंस्ड डाइट भी जरूरी है।

## योग से गहरा नाता

शिल्पा हर दिन योग और मेडिटेशन को अपनी रूटीन का हिस्सा बनाती हैं। वह सूर्य नमस्कार, प्राणायाम और अन्य योगासन करती हैं, जिससे उनका मेटाबॉलिज्म तेज रहता है और शरीर लचीला बना रहता है।

## फिटनेस को लेकर क्या कहती हैं शिल्पा?

शिल्पा का मानना है कि फिटनेस सिर्फ पतला दिखने के लिए नहीं, बल्कि हेल्दी रहने के लिए जरूरी है। वह अक्सर फैंस को हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने की सलाह देती हैं और सोशल मीडिया पर भी अपने वर्कआउट वीडियोज शेयर करती रहती हैं। अगर आप भी स्लिम और हेल्दी बॉडी पाना चाहते हैं, तो शिल्पा की फिटनेस टिप्स को फॉलो कर सकते हैं!

# जाट का ट्रेलर हुआ पोस्टपोन




सनी देओल की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'जाट' का ट्रेलर आज रिलीज नहीं होगा। इस खबर से उनके फैंस को जरूर झटका लगा है, क्योंकि वे काफी समय से इस दमदार एक्शन फिल्म की झलक देखने का इंतजार कर रहे थे। हालांकि, ट्रेलर की नई रिलीज डेट को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म की पोस्ट-प्रोडक्शन टीम कुछ फाइनल टच देना चाहती है, ताकि ट्रेलर को और भी दमदार बनाया जा सके। कहा जा रहा है कि निर्माता इस फिल्म को बड़े स्तर पर प्रमोट करने की योजना बना रहे हैं और इसलिए वे हर चीज को परफेक्ट बनाना चाहते हैं।

## फैंस की बढ़ी बेसब्री

सनी देओल के चाहने वालों को इस फिल्म से 'गदर 2' जैसी ब्लॉकबस्टर की उम्मीद है। सोशल मीडिया पर कई फैंस ने ट्रेलर देरी को लेकर निराशा जाहिर की है, लेकिन वे अभी भी इसके लिए एक्साइटेड हैं। फिल्म 'जाट' 2025 में रिलीज होने की उम्मीद है, हालांकि, मेकर्स ने अभी इसकी आधिकारिक डेट रिवील नहीं की है। सनी देओल एक बार फिर दमदार एक्शन अवतार में नजर आएंगे, जिसे लेकर उनके प्रशंसकों में काफी उत्साह है। अब देखना होगा कि ट्रेलर कब रिलीज होगा और यह फैंस की उम्मीदों पर कितना खरा उतरता है!

# ओडेला 2 की रिलीज डेट आई सामने,तमन्ना का नया लुक वायरल




साउथ की सुपरस्टार तमन्ना भाटिया की अपकमिंग फिल्म 'ओडेला 2' को लेकर फैंस के बीच काफी उत्सुकता है। अब मेकर्स ने इस फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है और इसके साथ ही नया पोस्टर भी जारी कर दिया गया है, जिसमें तमन्ना का रौद्र रूप देखने को मिल रहा है। फिल्म के मेकर्स ने रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। 'ओडेला 2' जल्द ही सिनेमाघरों में धमाल मचाने वाली है, हालांकि इसकी सटीक तारीख को लेकर अभी थोड़ा सस्पेंस बरकरार रखा गया है। उम्मीद की जा रही है कि यह फिल्म 2025 की शुरुआत में रिलीज हो सकती है। यह फिल्म 2022 में आई 'ओडेला रेलवे स्टेशन' का सीक्वल है, जो एक सस्पेंस-थ्रिलर थी। पहली फिल्म को दर्शकों ने काफी पसंद किया था और अब इसके दूसरे पार्ट से उम्मीदें और भी ज्यादा बढ़ गई हैं।

# लखनऊ में इमरान-यामी की नई फिल्म की शूटिंग



बॉलीवुड के शानदार एक्टर्स इमरान हाशमी और यामी गौतम इन दिनों लखनऊ में अपनी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग में बिजी हैं। सेट से कुछ एक्सक्लूसिव तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें दोनों एक्टर्स अपने किरदार में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग लखनऊ के ऐतिहासिक और खूबसूरत लोकेशंस पर की जा रही है। नवाबी शहर की गलियों, पुराने मकानों और फेमस बाजारों में इमरान और यामी को फिल्माते हुए देखा गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में एक थ्रिलर और मिस्ट्री से भरी कहानी देखने को मिलेगी। तस्वीरों में इमरान हाशमी को स्मार्ट कैजुअल लुक में देखा गया, वहीं यामी गौतम ग्रेसफुल ट्रेडिशनल आउटफिट में नजर आईं। दोनों की केमिस्ट्री सेट पर शानदार दिख रही है,जिससे साफ है कि यह फिल्म दर्शकों के लिए एक खास ट्रीट होने वाली है। फिल्म की कहानी को लेकर मेकर्स ने अभी तक कोई ऑफिशियल खुलासा नहीं किया है, लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक यह एक क्राइम-थ्रिलर होगी,जिसमें ड्रामा और रोमांच का जबरदस्त मिश्रण देखने को मिलेगा। इमरान हाशमी और यामी गौतम को साथ में देखने के लिए फैंस काफी एक्साइटेड हैं। सोशल मीडिया पर सेट से लीक हुई तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं।अब देखना होगा कि ये फिल्म कब रिलीज होगी और क्या यह दर्शकों को उतना ही इंप्रेस कर पाएगी, जितना कि अभी से इसकी चर्चाएं हो रही हैं।

## महत्वपूर्ण खबर

### 5 अधिकारियों को ईओडब्ल्यू ने कोर्ट में किया पेश,28 तक मिली रिमांड




**रायपुर,22 मार्च 2025(ए)।** सीजीएमएससी घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए स्वास्थ्य विभाग के पांच अधिकारियों को कोर्ट में पेश किया। इन पांच अधिकारियों में सीजीएमएससी के तत्कालीन महाप्रबंधक बसंत कौशिक के साथ डॉ. अनिल परसाई, शिरौंद्र रावटिया, कमलकांत पाटनवार और दीपक बांधे शामिल है, जिन्हें आज विशेष कोर्ट में पेश किया गया।न्यायाधीश अतुल श्रीवास्तव की कोर्ट ने सभी आरोपियों को पेश किया गया था। ईओडब्ल्यू ने कोर्ट से 15 दिनों की रिमांड का आवेदन दिया था। वहीं, कोर्ट ने 28 मार्च तक सभी आरोपियों को पुलिस रिमांड पर सौंप दिया है।

### पंचायत सचिवों के हड़ताल पर सरकार सख्त



**रायपुर,22 मार्च 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में ग्राम पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है, जिसके कारण प्रदेश के ग्राम पंचायतों का कामकाज प्रभावित हो रहा है। इसके मद्देनजर पंचायत संचालनालय ने जिला पंचायत सीईओ को एक पत्र लिखा है। जिसमें हड़ताली सचिवों को 24 घंटे के भीतर काम पर लौटने का निर्देश दिया गया है। निर्देश का पालन न करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### कोयला घोटाले में पूर्व आईएएस रानू साहू को झटका



**हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत याचिका की खारिज**

**बिलासपुर,22 मार्च 2025(ए)।**छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित कोयला घोटाले में फंसी पूर्व आईएएस अधिकारी रानू साहू को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की एकल पीठ ने शुक्रवार को उनकी दोनों अग्रिम जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया। अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्हें कोई राहत नहीं दी।


### कांग्रेस ने 11 जिला अध्यक्ष बदले



**रायपुर,22 मार्च 2025(ए)।** कांग्रेस अध्यक्ष ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी की निम्नलिखित जिला/शहर कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों की नियुक्ति के प्रस्ताव को तत्काल प्रभाव से अनुमोदित कर दिया है। 11 जिले के नए अध्यक्षों के नाम बालोद - चंद्रेश हिरानी दुर्ग ग्रामीण - राकेश ठाकुर नारायणपुर - बिसेल नाग कोंडागांव-बुधराम नेताम कोरबा शहर-नाथूराम यादव कोरबा ग्रामीण-मनोज चौहान बलौदाबाजार - सुमित्रा घृतलहरे सारंगढ़ - बिलाईगढ़ -ताराचंद देवांगन सरगुजा-बालकृष्ण पाठक बलरामपुर -कृष्णा प्रताप सिंह बेमेतरा-आशीष छाबड़ा ।

### शिव मंदिर में बुलडोजर चलाने पर भड़के लोग

**जगदलपुर,22 मार्च 2025(ए)।** प्रदेश अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी है। नई शहर सरकार बनने के बाद निगम प्रशासन सक्रिय हो गया है। जगदलपुर में अवैध



कब्जों के खिलाफ प्रशासन का बुलडोजर अभियान जारी है। इसी क्रम में आज प्रशासन ने लालबाग में स्थित शिव मंदिर पर बुलडोजर चला दिया। जिसके बाद विवाद पैदा हो गया। हिंदुवादी संगठन बजरंग दल और आसपास के लोग इस कार्यवाही का विरोध करने के लिए सड़क पर बैठ गए, और प्रशासन की इस कार्रवाई पर जमकर नाराजगी जताई।

# विधानसभा में आखरी दिन मचा बवाल

» विधायक ने स्वास्थ्य मंत्री से पूछा मंत्री जी,सिविल सर्जन आपका रिश्तेदार है क्या?

» सदन में गूंज उठी शर्म करो-शर्म करो... की आवाजें...

» नेता प्रतिपक्ष महंत का तंज आप क्यों लड़ाई-झगड़ा करवा रहे हैं मंत्री जी?

**रायपुर,22 मार्च 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में उस वक्त जबरदस्त हंगामा हो गया जब जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को सीधे-सीधे घेर लिया। मुद्दा था जिला अस्पताल जांजगीर के प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल की मनमानी! विधायक ने सदन में आग उगलते हुए मंत्री से सवाल दागा अगर पूरा अस्पताल स्टाफ इस्तीफा दे देता है तो क्या आप जिम्मेदारी लेंगे?




## 7 दिन नहीं,अभी एक्शन चाहिए विधायक का अल्टीमेटम

ब्यास कश्यप ने दो टूक कह दिया अगर सरकार मामले को लटकाने की कोशिश करेगी तो इसका अंजाम अच्छा नहीं होगा। अस्पताल में कोई अनहोनी होती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार और मंत्री महोदय की होगी!
अब सवाल उठता है क्या सरकार वाकई सिविल सर्जन पर कार्रवाई करेगी, या फिर पूरे अस्पताल को उनकी मनमानी के हवाले छोड़ दिया जाएगा? क्या यह सिर्फ सदन की बहस बनकर रह जाएगा या फिर सरकार कोई कड़ा कदम उठाएगी?

### विधायक का वार सिविल सर्जन की तानाशाही से पूरा स्टाफ परेशान

ब्यास कश्यप ने सदन में सिविल सर्जन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अस्पताल के डॉक्टर, नर्सें और कर्मचारी उनके तानाशाही रवैये से तंग आ चुके हैं। दुर्व्यवहार, धमकियां और भ्रष्टाचार की शिकायतें रोज़ बढ़ रही हैं, लेकिन मंत्री महोदय उन्हें बचाने में लगे हैं!

### स्वास्थ्य मंत्री ने दी सफाई जांच चल रही है

हंगामे के बीच स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जवाब देने की कोशिश की, लेकिन विपक्ष ने उन्हें बोलने ही नहीं दिया। मंत्री जी ने सफाई देते हुए कहा हमने जांच कमेटी गठित कर दी है, 7 दिन में रिपोर्ट आएगी,फिर कार्रवाई होगी! लेकिन विधायक ब्यास कश्यप का गुस्सा कम नहीं हुआ।

## कलेक्टर मेरा दोस्त, मंत्री मेरा रिश्तेदार सिविल सर्जन की दबंगई

विधायक ने खुलासा किया कि सिविल सर्जन खुलेआम कर्मचारियों से कह रहे हैं मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता, कलेक्टर मेरा मित्र है और मंत्री मेरा रिश्तेदार है! यह सुनते ही



सदन में गूंज उठी शर्म करो-शर्म करो...की आवाजें। विधानसभा में इस मुद्दे पर माहौल इतना गरमा गया कि नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत भी चुटकी लेने से पीछे नहीं हटे। उन्होंने मंत्री पर तंज कसते हुए कहा आप जिस तरह से सिविल सर्जन का बचाव कर रहे हैं, उससे तो लगता है कि वह आपका दूर का नहीं, बल्कि बहुत ही नजदीकी रिश्तेदार है!

## ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़

### 15 करोड़ से अधिक के फ्रॉड का हुआ खुलासा

**बिलासपुर,22 मार्च 2025 (ए)।** बिलासपुर पुलिस ने ऑनलाइन ठगी को अंजाम देने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी ऑनलाइन जॉब और वेबसाइट में निवेश का झांसा देकर लोगों से करोड़ों की ठगी कर रहे थे। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने 15 करोड़ से अधिक की राशि का लेन-देन यूएसडीटी और क्रिप्टोकरेंसी में किया है।



### शिक्षक से की थी 48 लाख की ठगी


मोपका निवासी शिक्षक सौरभ साहू इस गिरोह से ऑनलाइन ठगी का शिकार हुए थे। ठगों ने उन्हें ऑनलाइन जॉब और इन्वेस्टमेंट का झांसा देकर 48 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने बताया कि, आरोपियों ने व्हाट्सएप पर शिक्षक सौरभ साहू से संपर्क किया और हेल्सबर्ग नामक वेबसाइट में निवेश करने का झांसा दिया। ज्यादा मुनाफे का लालच देकर उनसे अलग-अलग किश्तों में लगभग 49 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए।

### तीन दिनों की खोजबीन में पकड़े गए युवक

इस मामले में रेंज साइबर पुलिस में केस दर्ज कराया गया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने साइबर रिपोर्टिंग पोर्टल और बैंक ट्रांजेक्शन की जांच की। आरोपियों का लोकेशन महाराष्ट्र के भिवंडी में मिलने पर विशेष टीम को भेजा गया, जहां तीन दिनों की खोजबीन के बाद आरोपियों को दबोचा गया।

### तीन को किया गिरफ्तार

पुलिस टीम ने इलाके में दबिश देकर शाकिब अंसारी, अंसारी मेराज और अंसारी फुजैल को गिरफ्तार किया।



## विनोद कुमार शुक्ल को प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ पुरस्कार

**रायपुर,22 मार्च 2025(ए)।** विनोद कुमार शुक्ल को प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला है, सीएम साय ने बधाई देते हुए कहा, देश के लब्धप्रतिष्ठ उपन्यासकार कवि आदरणीय विनोद कुमार शुक्ल जी को प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किए जाने का समाचार प्राप्त हुआ है। यह छत्तीसगढ़ के लिये गौरव की बात है। आदरणीय शुक्ल जी को अशेष बधाई। उन्होंने एक बार पुनः छत्तीसगढ़ को भारत के साहित्यिक पटल पर गौरवान्वित होने का अवसर दिया है। शुक्ल जी के सुदीर्घ और स्वस्थ जीवन की कामना।

## एनआईए ने दो माओवादियों के खिलाफ दाखिल किया आरोप-पत्र




**रायपुर,22 मार्च 2025(ए)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने छत्तीसगढ़ में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन सीपीआई (माओवादी) द्वारा विस्फोटकों की खरीद और आपूर्ति के मामले में दो आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया।आतंकवाद निरोधी एजेंसी ने जगदलपुर स्थित एनआईए की विशेष अदालत के समक्ष दायर अपने आरोप पत्र में छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के पटनमपारा निवासी मंतोष मंडल और सेला नागार्जुन उर्फ एस नागार्जुन को विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और यूए(पी) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत नामजद किया है।

### विधानसभा में गलत जानकारी दिए जाने पर

## वन विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मचारियों पर गिरी गाज

**रायपुर,22 मार्च 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र 2025 के दौरान माननीया विधानसभा सदस्य श्रीमती शेषराज हरवंश द्वारा इंदिरा निकुंज माना रोपणी में संचालित श्री कुंवारादेव महिला स्व सहायता समूह के कार्य संचालन के संबंध में विभाग द्वारा सदन में गलत जानकारी प्रस्तुत करने संबंधी प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए मंत्री केदार कश्यप ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख को जांच करने के लिए निर्देशित किया कि रायपुर वनमंडल के रायपुर परिक्षेत्र के द्वारा प्रस्तुत गलत जानकारी की जांच करें। साथ ही इंदिरा निकुंज माना रोपणी में संचालित श्री कुंवारादेव महिला स्व सहायता समूह के संबंध में विस्तृत जांच कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिए हैं।




## 19 साल बाद मांगी अनुकंपा नियुक्ति, हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका



**बिलासपुर,22 मार्च 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने 19 साल बाद दायर अनुकंपा नियुक्ति की याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत का का कहना है कि अनुकंपा नियुक्ति का उद्देश्य दिवंगत कर्मचारी के परिवार को तात्कालिक आर्थिक संबल देना है, न कि वर्षों बाद रोजगार उपलब्ध कराना।

दरअसल याचिकाकर्ता समीर कुमार उईके ने अपने पिता की मृत्यु के आधार पर अनुकंपा नियुक्ति की मांग की थी। उनके पिता लोक निर्माण विभाग में सहायक ग्रेड-2 के पद पर कार्यरत थे और 21 जून 1998 को उनका निधन हो गया था। इससे पहले याचिकाकर्ता के बड़े भाई नितिन कुमार उईके ने 1 अक्टूबर 2001 को अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया था, जिसे यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया गया कि उनकी मां पहले से ही सरकारी सेवा में कार्यरत थीं। अब याचिकाकर्ता ने यह तर्क दिया कि उनकी मां सेवानिवृत्त हो चुकी हैं और कैंसर से पीड़ित हैं, साथ ही उनके बड़े भाई का 6 सितंबर 2015 को निधन हो गया। इस आधार पर उन्होंने 6 अक्टूबर 2016 को दोबारा आवेदन किया, जिसे 9 जनवरी 2017 को अस्वीकृत कर दिया गया। राज्य सरकार की ओर से पैनल अधिवक्ता मुक्ता त्रिपाठी ने अदालत में तर्क दिया कि अनुकंपा नियुक्ति नीति के अनुसार, यदि परिवार का कोई सदस्य पहले से सरकारी सेवा में कार्यरत हो, तो किसी अन्य सदस्य को यह लाभ नहीं दिया जा सकता। हाईकोर्ट ने इस दलील को स्वीकार करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता की मां के नौकरी में रहने के कारण, वे पहले ही इस नियुक्ति के लिए अयोग्य हो चुके थे।

## भालू की संदिग्ध हालत में मौत



### वन विभाग में मचा हड़कंप

**बालोद,22 मार्च 2025(ए)।** जिले से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। बीते महीने 24 फरवरी को हर्राठेमा वन परिक्षेत्र में तांदुला जलाशय के किनारे एक भालू का शव संदिग्ध हालत में मिला था। नियम के अनुसार, इसकी जानकारी तुरंत डीएफओ कार्यालय को दी जानी चाहिए थी, लेकिन वनकर्मियों और विभागीय अधिकारियों ने उच्च अधिकारियों को बिना बताए ही भालू के शव को गुपचुप तरीके से दफना दिया। जब इस घटना का खुलासा हुआ तो वन विभाग में हड़कंप मच गया। डीएफओ के निर्देश पर बालोद वन विभाग की टीम और वेटनरी डॉक्टर घटनास्थल पर पहुंचे। वहां खुदाई कर भालू के शव को बाहर निकाला गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए बालोद डीएफओ ने तुरंत कार्रवाई करते हुए फॉरेस्ट गार्ड और डिप्टी रेंजर को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया। उनसे 24 घंटे के भीतर जवाब देने के लिए कहा गया है। साथ ही देरी होने पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

इस मामले के उजागर होने के बाद वन विभाग के अधिकारी भी हैरान हैं। अब यह जांच की जा रही है कि कहीं इस घटना के पीछे वनकर्मियों और अधिकारियों की मिलीभगत तो नहीं है। साथ ही यह भी शक जताया जा रहा है कि कहीं जानवरों के अंगों की तस्करी में ये लोग शामिल तो नहीं हैं। वन विभाग इस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रहा है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में है।

## होमगार्ड जवानों पर कार्रवाई,वसूली के आरोप

**कबीरधाम,22 मार्च 2025(ए)।** एसपी धर्मेंद्र सिंह के आदेश पर पंडरिया थाना में पदस्थ नगर सैनिक अरविंद शुक्ला और नायक चमन सिंह ठाकुर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। दोनों कर्मचारियों के खिलाफ जांच में यह आरोप सामने आए थे कि उन्होंने वाहन चालकों से अवैध रूप से पैसे की मांग की और कर्तव्य में लापरवाही बरती। नगर सैनिक अरविंद शुक्ला ने एक वाहन चालक से 3000 रुपये की अवैध मांग की और साथ ही शराब की व्यवस्था करने की धमकी दी। वहीं, नायक चमन सिंह ठाकुर ने भी इसी तरह की गतिविधियों में लिप्त होकर नियमों का उल्लंघन किया। यह घटनाएं सोशल मीडिया पर वायरल हुईं, जिससे मामले की गंभीरता सामने आई। इस पर पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देश पर, जिला सेनानी नगरसेना ने दोनों कर्मचारियों-नगर सैनिक अरविंद शुक्ला और नायक चमन सिंह ठाकुर-को तत्काल प्रभाव से (काल आउट ड्यूटी) थाना ड्यूटी से हटा दिया है। साथ ही, इस मामले की जांच की जा रही है और दोनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## छत्तीसगढ़ में पहली बार दर्ज हुआ यह मामला

### 2 बांग्लादेशी समेत अंतरराष्ट्रीय मानव तस्कर गिरफ्तार

**महासमुंद,22 मार्च 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में पहली बार फॉरेनर एक्ट (विदेशियों विषयक अधिनियम) के तहत मामला दर्ज किया गया है। महासमुंद पुलिस चोरी की घटना को अंजाम देने वाले 2 बांग्लादेशी समेत अंतरराष्ट्रीय मानव तस्कर गिरफ्तार किए हैं, बताया जा रहा है कि यह चोर गिरोह यहां सक्रिए था, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी थी। महासमुंद के थाना सांकरा, बसना और सरायपाली क्षेत्र में इन आरोपियों ने 9 से ज्यादा घटनाओं को अंजाम दिया था। बताया जा रहा है कि यह गिरोह आरोपी चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के लिए बर्तन बेचने वाले बनते थे और सूने मकानों पर नजर रखते थे.पुलिस ने



बताया कि चोरी के मामले में पकड़े गए दो नागरिक बांग्लादेशी हैं, जहां आरोपी मिलन मण्डल और सह-आरोपी मो. शफीक शेख और बाबू शेख निवासी पार्वतीपुर जिला दिनाजपुर राज्य रंगपुर बांग्लादेश को गिरफ्तार किया गया है। मामले में अंतरराष्ट्रीय मानव तस्कर और चोरी का माल खपाने वाला आरोपी अफसर मण्डल जो पश्चिम बंगाल का रहने वाला था, उसे भी गिरफ्तार किया गया है। जबकि चोरी का माल खरीदने वाले सोनार जयदेव करमाकर को पश्चिम बंगाल की जेल भेजा गया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)